हरिभूमि
बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 23 सितंबर 2026

तापमान
अधिकतम 32.4 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

सरकंडा रामसेतु पर बनाया जा रहा घाट।

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
23 सितम्बर 2026
कूपन नं.
17

सरकारी जमीन व फंड से बना 125 करोड़ का कैंसर अस्पताल भी जाएगा ठेके पर

कोमल सिंह ⏭ बिलासपुर

खास खबर

केन्द्र और राज्य सरकार के फंड से तैयार हो रहे नवनिर्मित कैंसर अस्पताल को भी निजी हाथों में देने की तैयारी चल रही है। अस्पताल के संचालन में करीब 289 पदों पर भर्ती की जानी थी,लेकिन राज्य सरकार अब इसे पीपीपी मॉडल के तहत चलाने की तैयारी में है।

ऐसे में आमजनों को अस्पताल में सुविधा तो मिलेगी लेकिन निजी अस्पतालों की तरह ही शुल्क देना होगा।

यह विडंबना ही है कि राज्य का पहला कैंसर अस्पताल उद्घाटन से पहले ही निजी हाथों में पहुंच जाएगा। नवनिर्मित अस्पताल में 90 फीसदी कार्य पूरा किया जा चुका है, साथ ही अब करोड़ों रूपए के उपकरण भी आने लगे हैं लेकिन राज्य सरकार इसके संचालित करने के बजाय निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। कैंसर अस्पताल बनाने के लिए 125 करोड़ की राशि खर्च की गई है, जिसमें 70 करोड़ रूपए केंद्र और बाकी की राशि 55 करोड़ राज्य सरकार द्वारा लगाई गई है। निर्माण कार्य अंतिम दौर पर चल रहा है, वहीं उपकरणों की स्थापना भी शीघ्र ही पूरी हो जाएगी। ऐसे में संचालन के लिए 289 पदों पर भर्ती की प्रक्रिया लंबित है, हालांकि इसमें से ज्यादातर पदों पर स्वीकृति मिल चुकी थी, लेकिन उद्घाटन से पहले ही अब अस्पताल में रखरखाव और संचालन की जिम्मेदारी के लिए निजी कंपनियों को खोजा जा रहा है।

टेंडर होते ही निजी हाथों में संचालित होगा अस्पताल

- केन्द्र सरकार से मिल चुका है 70 करोड़ रूपए
- यहां भी नहीं मिलेगा निशुल्क इलाज

सिम्स के डाक्टरों की छुट्टी : खास बात यह है कि पहले सिम्स अस्पताल के डाक्टरों के द्वारा ही कैंसर अस्पताल को चलाया जाना तय था, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसर की भर्ती की जानी थी, जिससे कैंसर के इलाज के साथ कैंसर के नए डाक्टर प्रदेश को मिल सकते थे। पहले ही 3 नियमित और 2 संविदा डाक्टर सिम्स में कैंसर यूनिट संभाल रहे हैं, निजी हाथों में जाने के बाद सिम्स के डाक्टरों की छुट्टी हो जाएगी। कैंसर अस्पताल में सरकारी डाक्टरों की भर्ती और स्टाफ रखा जाना था, निजी हाथों में जाने के बाद वहाँ सरकारी डॉक्टर नहीं रह जाएंगे। निजी हाथों में जाने के बाद इस अस्पताल में भी आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए महंगा शुल्क देना होगा।

सुपर स्पेशलिटी पहले ही निकल गया सरकारी हाथ से

केंद्र और राज्य सरकार की राशि से निर्मित यह अस्पताल यदि सरकार द्वारा संचालित किये जाते तो बड़ी आबादी को इसका लाभ मिलता। कैंसर हॉस्पिटल से पहले 11 मंजिल के नवनिर्मित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल को पहले ही निजी हाथों में देने का नीतिगत फैसला हो चुका है, और अब कैंसर अस्पताल भी निजी कंपनी के हाथ चला जाएगा। इसका सीधा असर अंचल के आम लोगों पर पड़ेगा।

टेंडर और एमओयू किया जाएगा

कैंसर अस्पताल संचालन के लिए 8 सदस्यों की समिति बनाई गई है, शासन की ओर से टेंडर और अन्य एमओयू किया जाएगा। इसके बाद अस्पताल का संचालन निजी कंपनियों के द्वारा किया जाएगा। जहां तक सिम्स की कैंसर यूनिट की बात है, अभी हम काम देख रहे हैं, लेकिन निजी कंपनियों के आने के बाद हमारा दायित्व यहां से खत्म होगा।

- **डॉ चंद्रहास ध्रुव,** नोडल अधिकारी, कैंसर यूनिट

अभी हम संभावनाएँ देख रहे हैं

कैंसर अस्पताल को निजी हाथों में सौंपने जैसा कुछ नहीं है। अभी हम संभावनाएं देख रहे हैं। टाटा मेमोरियल जैसे कैंसर अस्पताल की तर्ज पर ही प्रदेश का पहला कैंसर अस्पताल चलाने की मंशा है। इस पर काम किया जा रहा है।

- **सुशांत शुक्ला,** विधायक, बेलतरा

सरकार को चलाना चाहिए

सिम्स में हर साल सैकड़ों डाक्टर निकल रहे हैं, शहर में बड़े-बड़े डॉक्टर मौजूद हैं। ऐसे में सरकारी जमीन और फंड से बने अस्पतालों को निजी हाथों में देना सरासर गलत है। राज्य सरकार को इसे स्वयं ही चलाना चाहिए और इसके लिए एक व्यापक सिस्टम तैयार करना चाहिए।

- **अटल श्रीवास्तव,** विधायक, कोटा

खबर संक्षेप

आरक्षक के बेटे की क्रेन से कुचलकर मौत

बिलासपुर। मंगलवार की रात कोचिंग क्लास से साइकिल से घर जा रहे आरक्षक के बेटे को क्रेन चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। क्रेन का चक्का पेट के ऊपर से चढ़ने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सिविल लाइन टीआई किशोर केवट ने बताया कि मंगलवार की रात 8:30 बजे पुलिस कॉलोनी पुराने तिफरा क्वार्टर में रहने वाले आरक्षक मोहन सिंह कोराम का बेटा भुवनेश्वर सिंह मंगलवार की रात 8:30 बजे कोचिंग के बाद साइकिल से घर लौट रहा था। महाराणा प्रताप चौक के पास क्रेन के चालक ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे छात्र साइकिल सहित गिर गया। क्रेन का चक्का उसके पेट के ऊपर से निकलने पर उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । पुलिस सिम्स से मेमो मिलने के बाद मार्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

घंटों बंद रही बिजली मरम्मत नहीं

बिलासपुर। बिजली की बंद की समस्या से शहरवासियों को निजात नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को कई क्षेत्रों में अघोषित बिजली बंद रही। घंटों बंद के बाद भी मरम्मत नहीं होने के कारण उपभोक्ताओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। मंगलवार को कई जगहों पर एक साथ बिजली बंद रही, इस दौरान डीपूपारा, दयालबंद, करबला रोड जैसी जगहों पर सुबह से शाम तक 3से 4 बार बिजली बंद हो रही है, यह रोज का ढर्रा हो चुका है।

गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन 24 व 25 को

बिलासपुर। जिले में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन 24 एवं 25 सितंबर को छठघाट एवं पचरीघाट में किया जाएगा। जिला प्रशासन ने इस संबंध में बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि गणेश विसर्जन के दौरान डीजे का उपयोग सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुरूप ही किया जाए। इन पर प्रशासन की नजर रहेगी। समितियों से विसर्जन के दौरान प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं में सहयोग करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई। गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारियों से 23 सितंबर की सुबह छठघाट पर आयोजित स्वच्छता अभियान में शामिल होकर श्रमदान करने का आग्रह किया गया।

अवैध कब्जे के कारण आड़ी तिरछी हो गई सड़क

कब्जे के कारण काम लगभग बंद, सड़क से गुजरने वाले लोग और व्यापारी परेशान

अवैध अतिक्रमण के कारण मंगला की यह सड़क आड़ी-तिरछी हो गई है। नाली निर्माण करने के बाद सड़क की चौड़ाई और कम हो जाएगी।

अधिकारियों ने दिया सीमांकन रिपोर्ट का हवाला, चौड़ीकरण के साथ ही नाली का काम जारी

900 मीटर की सड़क पर दो हास्पिटल, दो होटल और 20 से अधिक दुकानों का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर जमीन के खसरे उड़ते हैं तो सड़कें ना जाने क्यों अपने आप ही तिरछी हो जाती हैं। रसूखदारों के कब्जों को हटाने में अधिकारियों के हाथ कांपते हैं इसलिए जनहित के काम हमेशा से प्रभावित होते हैं। अब मंगला चौक से आजाद चौक तक बनने वाली 900 मीटर की सड़क और नाली के काम को ही लीजिए। यहां 7 महीने से काम रुका पड़ा है। ठेकेदार बड़ी मुश्किल से नाली बना रहा है।

निगम का कहना है कि सीमांकन रिपोर्ट मिलने में देरी हुई। अब यह रिपोर्ट मिल गई है और सड़क चौड़ीकरण के साथ ही नाली का काम तेजी से शुरू किया गया है। निगम के मुताबिक इस सड़क में स्थित दो हास्पिटलों का 8 फिट तक कब्जा आ रहा है तो 20 से अधिक दुकानों ने भी 4 से 6 फिट तक कब्जा किया हुआ है। कुछ घरों के भी बाउंड्री आगे बढ़ी हुई है। वन विभाग के आफिस का कुछ हिस्सा भी कब्जे में है। इस सड़क से गुजरने से साफ पता चलता है कि सड़क 14 मीटर तक चौड़ी है लेकिन कहीं 8-9 मीटर तो कहीं 12 मीटर ही सड़क निर्माण हो रहा है। एक सीधी सड़क जिससे की लोगों को आवागमन में राहत मिलती, कब्जे के कारण आड़ी तिरछी बन रही है।

4 करोड़ में 900 मीटर सड़क और नाली बनेगी

नगर निगम ने द्वारा दिए गए इस काम के ठेके पर नजर डालें तो 4 करोड़ में ठेकेदार को 900 मीटर सड़क और नाली बनानी है। सड़क 14 मीटर (करीब 45 फिट) चौड़ी होगी। इसमें दोनों तरफ नालियां भी बनेंगी। निगम के मुताबिक सबसे बड़ी समस्या बिजली के 40 पोल और 5 ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग को लेकर है। इस बारे में बिजली विभाग से बात चल रही है। फिलहाल रिटेनिंग वाल का काम जारी है। बारिश के बाद सड़क डामरीकरण किया जाएगा। निगम के अनुसार सीमांकन रिपोर्ट के आधार पर नाली बनेगी।

सड़क की यह है हालत

मंगला चौक से आजाद चौक तक बनने वाली सड़क चौक पर 14 मीटर तक चौड़ी है। इसके बाद यह सड़क आगे मुंदड़ा हास्पिटल तक जाकर 10 और 12 मीटर तक संकरी हो जाती है। इससे आगे जगदंबा होटल के पास तो यह सड़क और पतली होकर 8 मीटर की हो जा रही है। इसके बाद सड़क फिर चौड़ी होते हुए 10- 12 मीटर की है।

बड़ी मुश्किल से नाली का काम जारी

यहां के व्यापारियों ने बताया कि 7 महीने से सड़क-नाली का काम बंद है। इसकी शिकायत भी अधिकारियों के साथ ही सीएम हेल्पलाइन में की गई है लेकिन कोई हल नहीं निकल रहा है। बारिश के समय तो नाली दिखती ही नहीं। इसमें लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। गौरतलब है कि मंगला जाने के लिए रास्ते में पडने वाले आजाद चौक में घंटो जाम लगता है, संकरी सडक और चौराहा होने की वजह से चारों ओर गाड्यौं की लंबी लाइन लग जाती है। खासकर शाम के वक्त तो इस रास्ते से गुजरना जंग जीतने के सामान होता है और सडक किनारे ड्रेनेज सिस्टम नहीं होने की वजह से बरसात में पानी भी भर जाता था।

मंगला क्षेत्र जाने के लिए मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। इसमें बाधा बन रहे 46 लोगों के अतिक्रमण को नगर निगम ने पहले हटा दिया था लेकिन मंगला चौक से आजाद चौक तक और भी कब्जे बाकी रह गए थे। इनमें से कुछ लोगों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। दरअसल 20 दुकानें और कब्जे ऐसे हैं जो कि नालियों पर बनी हैं। इन्हें तोड़ने पर निगम को और चौड़ी सड़क मिल सकती है। हाल यह है कि कब्जे हटाए बिना सड़क की चौड़ाई कर करते हुए उसी पर नाली निर्माण किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस बारे में निगम आयुक्त से शिकायत भी की है।

कब्जे को हटाया जाएगा

पूरी सड़क का सीमांकन कराया गया है। इसकी रिपोर्ट आ गई है। जो कब्जे हैं उन्हें हटाया जा रहा है। बारिश के बाद डामरीकरण होगा। नाली का काम भी शुरू करा दिया गया है।

- **पूजा विधानी,** महापौर

एयू के डिप्टी रजिस्ट्रार दुबे बहाल, भेजे गए रायगढ़ यूनिवर्सिटी

- निलंबन अवधि को हो गए थे 6 माह पूरे
- जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री खरीदी में गड़बड़ी का मामला

बिलासपुर। अटल यूनिवर्सिटी के डिप्टी रजिस्ट्रार एवं पूर्व प्रभारी रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे का निलंबन समाप्त हो गया है। उच्च शिक्षा विभाग ने मंगलवार को आदेश बहाली आदेश जारी करते हुए उन्हें शहीद नंदकुमार पटेल रायगढ़ यूनिवर्सिटी में डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पदस्थ किया है।

उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि डिप्टी रजिस्ट्रार शैलेन्द्र दुबे की निलंबन अवधि 6 माह से अधिक होने तथा विभाग में डिप्टी रजिस्ट्रारों की कमी को देखते हुए उनके विरूद्ध विभागीय जांच पृथक से करते हुए शैलेन्द्र दुबे को बहाल करते हुए शहीद नंदकुमार पटेल यूनिवर्सिटी रायगढ़ में डिप्टी रजिस्ट्रार के पद पर अस्थाई रूप से पदस्थ किया जाता है। निलंबन अवधि का निराकरण भी पृथक से किया जाएगा। श्री दुबे को 23 फरवरी 2026 को निलंबित किया गया था उस समय श्री दुबे अटल यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार के प्रभार पर थे। उन्हें यूनिवर्सिटी मद में आबंटित की गई राशि में गड़बड़ी, जैम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय किए जाने में आर्थिक अनियमितता में संलिप्तता के कारण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम 1966 के नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर क्षेत्रीय अपर संचालक कार्यालय उच्च शिक्षा बिलासपुर संभाग में मुख्यालय निर्धारित किया गया था। शासन के आदेश में विभागीय जांच की प्रक्रिया पृथक से किए जाने की बात कही गई थी और उनपर छत्तीसगढ़ भंडार क्रय नियम 2002 संशोधित 2025 के संगत नियमों का पालन नहीं किए जाने की बात कही गई थी

तीन सदस्यीय टीम आई थी जांच करने

अटल यूनिवर्सिटी में आर्थिक गड़बड़ी संबंधी शिकायत होने के बाद उच्च शिक्षा विभाग ने मामले में जांच के निर्देश दिए थे। वहीं यूनिवर्सिटी में उच्च शिक्षा विभाग की ओर से तीन सदस्यीय टीम जांच करने आई थी। जांच टीम यूनिवर्सिटी प्रशासन से मामले में जवाब मांगा था और अपने साथ टेंडर, सामग्री खरीदी आदि से संबंधित दस्तावेज भी जब्त कर अपने साथ ले गई थी।

जैम पोर्टल के प्रावधानों का उल्लंघन

श्री दुबे पर यह आरोप था कि भंडार क्रय नियमों की अवहेलना के साथ ही जैम पोर्टल के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए जाबूझकर टेंडर में कई शर्तें जोड़ी गई। फर्मों का मालिकाना संरचना एक ही व्यक्ति से जुड़े होने की बात भी सामने आई थी। जैम पोर्टल पर अलग-अलग पहचान देकर खरीदी का फार्मेट तैयार किया और टेंडर प्रक्रिया में ऐसे शर्तें जोड़ी गईं जो केवल संबंधित सप्लायरों के पास ही उपलब्ध थी।

नियमितीकरण का इंतजार बना जिंदगी का संघर्ष, एक और कर्मचारी की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में नियमितीकरण की कानूनी लड़ाई लड़ते-लड़ते अब तक 10 कर्मचारियों की मौत हो चुकी है। इनमें से कई कर्मचारी नियमितीकरण का लाभ पाने से पहले ही दुनिया छोड़ गए। नियमित पद पर वेतन शुरू होने के बाद भी बकाया भुगतान का इंतजार कर रहे एक और कर्मचारी की मृत्यु हो गई। फार्मेसी विभाग में पदस्थ ओमप्रकाश मिश्रा का बीमारी के बाद दो दिन पूर्व निधन हो गया।

मिश्रा उन दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों में शामिल थे, जिन्होंने नियमितीकरण के लिए यूनिवर्सिटी के खिलाफ हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी। न्यायालय के आदेश के बाद यूनिवर्सिटी ने उन्हें नियमित पद का वेतन देना शुरू कर दिया था, लेकिन नियमित पद के अनुसार बकाया राशि का भुगतान नहीं हो सका। इसी बीच उनका निधन हो गया।

इससे पहले अवमानना याचिका लगाने वाले कर्मचारियों में शामिल धन्नू पांडेय का भी मई में निधन हो गया था। इस तरह नियमितीकरण की लड़ाई लड़ने वाले अब तक करीब 10 कर्मचारी अपनी जिंदगी की लड़ाई हार चुके हैं। गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण का मामला लंबे समय से कानूनी प्रक्रिया में उलझा हुआ था। ये कर्मचारी करीब 15 वर्षों से नियमितीकरण का लाभ पाने के लिए संघर्ष कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट से यूनिवर्सिटी की रिव्यू पिटीशन खारिज होने और हाईकोर्ट के फैसले के बाद कर्मचारियों को नियमितीकरण की उम्मीद जगी थी। न्यायालय के आदेश के बावजूद नियमितीकरण का लाभ नहीं मिलने पर कुछ कर्मचारियों ने यूनिवर्सिटी के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को नियमित पद का भुगतान करने का निर्देश दिया था।

- बच्ची के देवरीखुर्द आश्रम से गोलबाजार पहुंचने का मामला

आश्रम की अधीक्षिका को हटाया, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ट्रायबल डिपार्टमेंट अंतर्गत देवरीखुर्द कन्या आश्रम से गायब होकर गोलबाजार में सात वर्षीय बच्ची के मिलने के मामले में आश्रम अधीक्षिका को हटा दिया गया है। वहीं बच्ची आश्रम से गोलबाजार कैसे पहुंची इसकी जांच की जा रही है।

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

शनिवार की सुबह गोलबाजार मैं आश्रम की बच्ची को क्षेत्र के लोगों ने भटकते देखा था। इसकी सूचना बच्ची से पिता का मोबाइल नंबर लेकर उन्हें दी गई। माता-पिता बाइक से गोलबाजार पहुंचे और बच्ची को उसके माता-पिता को सौंप दिया गया। इसके बाद माता-पिता ने बच्ची को वापस देवरीखुर्द स्थित ट्रायबल डिपार्टमेंट के हास्टल छोड़ आए थे। मामला सामने आने के बाद ट्रायबल डिपार्टमेंट के सहायक आयुक्त ने आश्रम अधीक्षिका श्वेता शुक्ला को आश्रम से हटा दिया है और उनकी जगह अधीक्षिका चार्ज किसी दूसरे कर्मचारी को दिया है। इसके अलावा आश्रम के अन्य स्टाफ को नोटिस जारी किया गया है। विभाग की ओर से यह भी जांच कराई जा रही है कि सात वर्ष की छोटी बच्ची भूखी-प्यासी देवरीखुर्द आश्रम से करीब सात किमी दूर शहर के गोलबाजार में कैसे घूमती पाई गई।

जांच की जा रही

देवरीखुर्द आश्रम से सात वर्षीय बच्ची के गायब होने और गोलबाजार में मिलने की घटना के बाद वहां की अधीक्षिका को आश्रम से हटा दिया गया है और उनकी जगह दूसरे को जिम्मेदारी सौंपी गई है। अधीक्षिका समेत अन्य स्टाफ को नोटिस भी जारी किया गया है और पूरे मामले की विभाग से जांच करा रहे हैं।

- **संजय चंदेल,** सहायक आयुक्त, ट्रायबल डिपार्टमेंट

BMC
विद्या ददाति विनयम्
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाईन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 25/09/2026, शुक्रवार
टीप- कृपया अभ्यर्थी B.Ed. काउंसलिंग में 25 अन्य कॉलेजों का विकल्प चयन करें।
अन्य कोर्सेस - BA, BCOM, BCA, BBA, DCA, BSC (Maths & Biology), PGDCA
गोकुल नगर पुलगॉव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
मो. - 9098849923, 9340311314, 9303893829, 9300850065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

हर वर्ग से जुड़ाव
हर व्यक्ति से अपनापन
मृदुभाषी स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व
और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने
की सोच रखने वाले
हमारे अमर भैया को
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।
विनित : भारतीय जनता पार्टी, महिला मोर्चा, उत्तर मण्डल, बिलासपुर

बिलासपुर, बुधवार 23 सितंबर 2026

हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255

गणराज्य गणेश उत्सव समिति अशोकनगर

श्री गणेश उत्सव समिति बजरंग चौक।

श्री राम गणेश उत्सव समिति बंधवापारा।

जय गणेश उत्सव समिति सरकंडा

मित्र मंडल गणेश उत्सव समिति महर्षि स्कूल चौक।

मां पार्वती गणेश उत्सव समिति।

रामाग्रीन सिटी में डॉ. अजय तावड़कर के निवास में विराजे गजानन

राजघराना नया शिव मंदिर उसलापुर।

शिव पार्वती गणेश उत्सव समिति सिंधी कालोनी।



श्री हनुमान मंदिर गणेश उत्सव समिति देहानपारा।

श्री सिद्धि विनायक गणेश उत्सव समिति आवासपारा।

फैंसी ड्रेस में बच्चों ने दिया हेल्दी फूड्स अपनाने का संदेश

बिलासपुर। गणेश उत्सव के चलते इन दिनों शहर में भक्ति और उत्साह का माहौल है। शहर के विभिन्न स्थानों और कॉलोनियों में गणपति की स्थापना के साथ प्रतिदिन धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सरकंडा स्थित राजस्व कॉलोनी के संजय हाइट्स के गणेश उत्सव में रखी गई फैंसी ड्रेस स्पर्धा में बच्चों ने हेल्दी फूड्स अपनाने संदेश दिया। संजय हाइट्स में प्रतिदिन शाम को भगवान गणेश की पूजा-अर्चना के साथ भोग-प्रसाद और भंडारे का आयोजन हो रहा है। वहीं शाम होते ही पण्डालों में भीड़ उमड़ रही है।

श्रद्धालु भक्त प्राप्त कर रहे दर्शन लाभ

बाल गणेश उत्सव समिति कासिमपारा ने इस वर्ष भी श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित की है। पण्डाल में विशेष सजावट, विद्युत सज्जा की गई है। प्रतिदिन सुबह-शाम आरती, महाप्रसाद का वितरण किया जा रहा है। समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रद्धालु भक्त हर दिन अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दर्शन लाभ प्राप्त कर रहे हैं।

कान्यकुब्ज ब्राह्मण महिलाओं ने किया गणेश पूजन

समाज सेवा मे अग्रणी कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मँच छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ ने प्रेस क्लब मे विराजमान श्री गणेश की श्रद्धा पूर्वक आरती एवं पूजन किया गया।

मंच की प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ रश्मि लता मिश्रा ने बताया कि बिलासपुर प्रेस क्लब में विराजित श्री गणेश जी की पूजा एवं आरती श्रद्धा पूर्वक कर सभी के लिये सुख समृद्धि एवं शाँति की कामना की इस अवसर पर डॉ. रश्मि लता मिश्रा, सुमन अवस्थी, अनिता बाजपेई, संगीता तिवारी, बीना शुक्ला, अल्का अवस्थी, जयंती शुक्ला, श्रद्धा तिवारी, अर्चना पान्डेय, वर्षा तिवारी, सविता पान्डेय, आरती त्रिवेदी, जान्हवी पान्डेय, प्राची तिवारी, रश्मि दुबे, अल्का तिवारी उपस्थित थे।

पाठ से माहौल बना भक्तिमय

महाराजा बाग कॉलोनी अमेरी स्थित गणेशोत्सव समिति के पंडाल में बागेश्वर धाम सुंदरकांड मातृशक्ति मंडल बिलासपुर ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं भजन-कीर्तन का भक्तिमय आयोजन किया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों एवं कॉलोनीवासियों ने उत्साह से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मंडल प्रभारी प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ कुश श्रीवास्तव, हिमानी सिंह, नित्यानंद सिंह, रीता खरे, विभा श्रीवास्तव, रमा पांडेय, द्वारिका पटेल, पूजा कर्ष, हिमानी सिंह, जयशंकर पांडेय, सुनील श्रीवास्तव, अनंत खरे सहित महाराजा बाग कॉलोनी के सदस्य एवं श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

लायंस क्लब वसुंधरा की महिलाओं ने गणपति की पूजा कर प्रसाद वितरित किया। चेयरपर्सन अर्चना तिवारी के नेतृत्व में महिलाओं ने पूजा की।

'हनुमान अंश' फिल्म में दिखी भारतीय संस्कृति की झलक

वन्दे मातरम मित्र मंडल ने छत्तीस मॉल में कराया 'हनुमान अंश' फिल्म का निःशुल्क प्रदर्शन। महेंद्र जैन के नेतृत्व में आयोजित शो में शहर और ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे दर्शक। छात्र-छात्राओं, महिलाओं, बच्चों समेत विभिन्न वर्गों ने लिया फिल्म का आनंद, शो रहा हाउसफुल। आयोजन के जरिए भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों और राष्ट्रभावना से जोड़ने का संदेश दिया गया।

मासिक सभा में संगीत की प्रस्तुति, कविता पाठ

अखिल भारतीय बंग साहित्य सम्मेलन बिलासपुर शाखा ने हेमूनगर स्थित रामकृष्ण मंदिर के सभा कक्ष में संगीत एवं कविता पाठ के साथ मासिक सभा धूमधाम से मनाई। इस दौरान भक्तिमय चौधरी, डॉ सुदीप्त दत्त, रीता राय, रूपा राहा, मौसमी चक्रवर्ती, रेखा दास, सौरभ चक्रवर्ती, स्वस्तिका विश्वास, जयश्री भट्टाचार्य, निहार रंजन मल्लिक आदि उपस्थित रहे।

भाषा के रूप में हिंदी के महत्व व चुनौतियों पर विमर्श

बिलासपुर। माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत संपर्क भाषा के रूप में हिंदी की चुनौतियाँ एवं संभावनाएँ, विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदी के संपर्क भाषा के रूप में महत्व, उसकी वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर सार्थक विमर्श करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ तारणीष गौतम, कुलसचिव अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ ईशा बेला लकड़ा, विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथि का परिचय दिया। मुख्य अतिथि डॉ. तारणीष गौतम ने कहा कि हिंदी आज संपर्क भाषा के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने त्रिभाषा सूत्र को अपनाने पर बल देते हुए हिंदी की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने भाषा के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों के बीच संवाद एवं समन्वय स्थापित करने के महत्व को रेखांकित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हिंदी स्वयं संपर्क भाषा के रूप में निरंतर विकसित हुई है। उन्होंने हरिवंश राय बच्चन का उदाहरण देते हुए कहा कि हमें अपनी मातृभाषा का सम्मान करना चाहिए और अपनी भावनाओं एवं विचारों को सहजता से अभिव्यक्त करना चाहिए। संगोष्ठी के दौरान दिव्यानी पटेल, स्नेहा कश्यप, निषा सारथी एवं प्राची पाठक ने स्वरचित काव्य का प्रभावपूर्ण पाठ प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थित जनों ने सराहा।

स्पोर्ट्स न्यूज

राज्य स्तरीय सब जूनियर एवं कैडेट जूडो प्रतियोगिता 8 से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

26वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर और कैडेट जूडो प्रतियोगिता का आयोजन 8 से 10 अक्टूबर तक जिला खेल परिसर में जिला जूडो संघ के तत्वावधान में किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिले से 450 से अधिक खिलाड़ी, कोच मैनेजर, आफिशियल्स हिस्सा लेंगे। सब जूनियर वर्ग में वर्ष 2012 से 2014 वर्ग के और कैडेट वर्ग में वर्ष 2009 से 2011 वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता से पूर्व बिलासपुर जिले की टीम में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल रविवार को लिया गया।

इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। जिला जूडो संघ के सचिव राजकुमार जायसवाल ने बताया कि पदेश के विभिन्न जिले से आने वाले खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की सुविधा के लिए जिला संघ के समस्त पदाधिकारी व सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों ने तैयारी शुरु कर दी है। इसके साथ ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय स्तर के सब जूनियर और कैडेट जूडो प्रतियोगिता में प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता आज

छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का बुधवार को आयोजन स्व. बीआर यादव कबड्डी इंडोर स्टेडियम बहतराई में किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल, अति विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, विशिष्ट अतिथि शासकीय ई राघवेन्द्र राव विज्ञान महाविद्यालय के क्षेत्रीय अपर संचालक डॉ. एसआर कमलेश, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, अध्यक्षता मस्तूरी शासकीय पातालेश्वर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. दुर्गा बाजपेयी होंगे।

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट 14 नवंबर को

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के तत्वावधान में नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट का आयोजन 14 से 16 नवमबर तक हैदराबाद में आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देश के 700 जिले भाग लेंगे, जिसमें प्रति जिले से 13 खिलाड़ी बालक-बालिका एवं एक प्रबंधक, एक प्रशिक्षक शामिल होंगे। एक जिले से 15 की टीम होगी। प्रतियोगिता से पूर्व प्रति जिले में जिला स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित कर चयन किया जाता है, जिसमें 12 वर्ष से 14 वर्ष तक और 14 वर्ष से 16 वर्ष तक आयु वर्ग के बालक-बालिका चयनित किए जाते हैं। खिलाड़ियों का भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से यूआईडी बनाया जाता है, जिसको प्रति खिलाड़ी को बनाना आवश्यक होता है।

खबर संक्षेप

डीईओ से मिला अशासकीय विद्यालय संचालक संघ

मुंगेली। जिले में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मोहन लाल पटेल से अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर समग्र शिक्षा मिशन के अधिकारी अशोक सोनी, एएमआई प्रशासक मुन्नालाल देवांगन, मान्यता खंड बाबू महेंद्र कुमार यादव, अशासकीय विद्यालय संचालक संघ के जिला अध्यक्ष नर्बद कश्यप, जिला सचिव सोमनाथ बंजारे, सह सचिव ब्रह्मदत्त त्रिपाठी, संरक्षक सुनील लहरे, सक्रिय सदस्य बलराम सोनकर, केपी सिंह बंजारे, शत्रुघन साहू, मुकेश सोनी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

पटेल समाज ने नवपदस्थ डीईओ का किया सम्मान

मुंगेली। जिले में नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी डॉ मोहनलाल पटेल का सम्मान मराठ पटेल समाज मुंगेली राज के अध्यक्ष अनिल चंद पटेल के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रांतीय सचिव जीवन पटेल, व्याख्याता वेद राम पटेल, सहायक शिक्षक परमेश्वर पटेल, कृषि विकास अधिकारी अनिल कुमार पटेल, सहायक शिक्षक राजू पटेल, सहायक शिक्षक गोविंद पटेल, प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर बरेला विनोद पटेल एवं अन्य सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बूढ़ीखार स्कूल को मिलेगा विशेष सम्मान

मल्हार। शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी की मिसाल पेश करने वाले मस्तूरी विकासखंड के ग्राम बूढ़ीखार स्थित शासकीय स्कूल के प्राचार्य काशीराम रजक एवं ग्रामीणों की पहल को अब विशेष सम्मान मिलेगा। कलेक्टर ने जनभागीदारी से विद्यालयों में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को सम्मानित करने की घोषणा की है। इस दौरान उन्होंने बूढ़ीखार स्कूल की पहल का विशेष उल्लेख करते हुए इसे अनुकरणीय बताया। बूढ़ीखार के ग्रामीणों ने केवल शासन की योजनाओं पर निर्भर रहने के बजाय आपसी सहयोग और जनभागीदारी की भावना से अपने शासकीय स्कूल के विकास की जिम्मेदारी उठाई। ग्रामीणों के सहयोग से विद्यालय में अतिरिक्त भवन का निर्माण कराया गया।

निधन

रमेश दत्त भट्ट

बिलासपुर। दर्शन विहार अमलतास कॉलोनी शांति नगर निवासी रमेश दत्त भट्ट का 22 सितंबर को निधन हो गया। वे 98 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 23 सितंबर को दोपहर 12 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संदीप भट्ट एवं दीपा दवे के पिता थे।

जनक गुप्ता

बिलासपुर। ग्राम गुड्डी निवासी जनक गुप्ता का 21 सितंबर को निधन हो गया। वे 83 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार मधुबन मुक्तिधाम, दयालबंद में किया गया। वे स्वर्गीय जमुना प्रसाद गुप्ता की पत्नी, सरोज गुप्ता की माता थीं।

ग्राम बांधा के पास पैदल गार्ड ने देखा पग मार्क

वायरल वीडियो में दिख रहा टाइगर फुट प्रिंट मिलने से लोगों में हड़कंप

विभाग ने नहीं की टाइगर की पुष्टि ग्रामीणों में दहशत

हरिभूमि न्यूज >> लोरमी

वन क्षेत्र कंचनपुर -भारतपुर -परसवारा जंगल में इन दिनों एक हिंसक जानवर का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल होने का मामला सामने आया है। जिसकी विभाग ने अभी तक पुष्टि नहीं की है। परसवारा के सामान्य वन क्षेत्र में दो दिन पूर्व एक हिंसक जीव की पद चिन्ह पैदल गार्डों को मिला है, जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है।

ग्रामीणों ने बताया कि कंचनपुर भरतपुर एवं परसवारा के जंगलों में हिंसक जीव भ्रमण कर रहे हैं, जिससे गांव में भय व्याप्त है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि नहीं हो पा रही है और कहां का वीडियो है यह भी स्पष्ट नहीं हुआ है। दो दिन पूर्व परसवारा के वन क्षेत्र में ग्रामीण एवं पैदल गार्ड को एक हिंसक जीव की पद मार्क जरूर मिले हैं, लोग इससे अंदाजा लगा रहे हैं इस क्षेत्र में इन दिनों हिंसक जानवर भ्रमण कर रहा, बताया जा रहा है कि इससे जंगल में लकड़ी एकत्रित करने वाले लकड़हारे भी जंगल जाने परहेज कर रहे हैं। समीपस्थ ग्राम बांधा में घटना के बाद से लोगों में भय का माहौल है।

एटीआर में 18 हो गई है बाघों की संख्या- एटीआर प्रबंधन के अनुसार जंगल में टाइगरों की संख्या पिछले दो तीन साल के अंतराल में 18 हो गई है, जिसमें मादा और नर टाइगर के साथ शावक भी शामिल हैं। पिछले एक माह के दौरान टाइगर कोर जोन से बफर जोन की ओर आना शुरू कर दिया है। यहां वर्तमान में 19 से अधिक गांव बसे हुए हैं। बफर जोन में टाइगर के आने से खतरा भी लगातार बढ़ रहा है। टाइगरों का लोकेशन ट्रेस करने के साथ उनकी तस्वीर के लिए ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन अब तक ट्रैप कैमरे में किसी भी टाइगर की तस्वीर नहीं आ सकी है।



सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एवं जंगल में मिले पग मार्क

ग्रामीणों को किया अलर्ट

मादा टाइगर के साथ शावकों की जानकारी मिलते ही स्टाफ को अलर्ट कर दिया गया है। मूवमेंट पर लगातार निगरानी भी की जा रही है, ताकि किसी तरह की घटना न हो सके। फिलहाल ग्रामीण एरिया में स्टाफ पहुंचकर मुनादी कराने के साथ अलर्ट भी कर रहे हैं।
-अनिल भास्करन, उप वनमंडलाधिकारी, कोटा वन

वीडियो की होगी जांच

वीडियो की जांच कराएंगे। पग मार्क के बाद गांव में मुनादी करवाकर जंगल नहीं जाने की ग्रामीणों को हिदायत दी जाएगी।
-दशांश सूर्यवंशी, एसडीओ, वन विभाग

किसान पर किया था हमला

एटीआर के ग्रामीण और बफर एरिया के साथ ही टाइगर बिलासपुर वन मंडल और वन विकास निगम के क्षेत्र में भी पहुंचने लगे हैं। कुछ दिन पहले कोटा वन परिक्षेत्र के दमगपुर गांव में अपने खेत पर खाद डालने वाले किसान पर अचानक एक टाइगर ने हमला कर दिया था। किसान के पास घमेला और औजार होने के कारण उसकी जान तो बच गई, लेकिन इस घटना से ग्राम पिपरखूंटी, परसदा, ढवनपुर, मानपुर, औरापानी, शिवतराई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद किसान को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। इसके अलावा जिस स्थान पर टाइगर का पगमार्क मिला था, उस स्थान पर एटीआर प्रबंधन ने ट्रैप कैमरा लगाकर रखा है, ताकि टाइगर की तस्वीर उसमें कैद हो सके।

पहले दिखा टाइगर फिर टाइग्रेस व शावक

पहले कोटा के नवागांव क्षेत्र में ग्रामीणों ने टाइगर को देखा था। इसकी सूचना मिलने के बाद पूरे ग्रामीण एरिया में दहशत का माहौल बन गया। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम ने सर्चिंग करना शुरू कर दिया, लेकिन टाइगर का कहीं भी पता नहीं चल सका था। इसके बाद कोटा और शिवतराई के बीच में बसे गांव सलका में मादा टाइगर के साथ दो शावकों को देखा गया। ग्रामीणों से सूचना मिलते ही कोटा वन परिक्षेत्र की टीम अलर्ट हो गई, जिसके बाद मादा टाइग्रेस के साथ शावकों के पग मार्क भी मिले। पग मार्क मिलते ही शावकों के साथ टाइग्रेस की खोजबीन शुरू कर दी गई है।

27वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता में जेएनवी मल्हार का शानदार प्रदर्शन

मल्हार। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, मल्हार ने 27वीं राष्ट्रीय युवा संसद प्रतियोगिता 2025-26 में भोपाल क्षेत्र में प्रथम स्थान एवं राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 8 वा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। देशभर के जवाहर नवोदय विद्यालयों के बीच आयोजित इस प्रतियोगिता में नवोदय विद्यालय मल्हार के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, तार्किक चिंतन, प्रभावी वक्तृत्व-कौशल एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 10 सितंबर को संसद भवन परिसर नई दिल्ली स्थित जीएमसी बालयोगी सभागार में आयोजित किया गया। समारोह की अध्यक्षता केंद्रीय संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने की। इस अवसर पर उन्होंने भोपाल क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए क्षेत्रीय विजेता एवं राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 8 में चयनित विद्यालय का गौरव हासिल करने वाले जवाहर नवोदय विद्यालय मल्हार को ट्रॉफी एवं पुरस्कार भी प्रदान किया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में विद्यालय के प्राचार्य पीसी झा के मार्गदर्शन तथा इतिहास शिक्षक एवं युवा संसद के मार्गदर्शक राजन कुमार के निर्देशन का महत्वपूर्ण योगदान रहा। क्षेत्रीय स्तर पर प्रथम एवं राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 8 में चयनित विद्यालय की टीम के विशेष पुरस्कार प्राप्त करने वाले और भारतीय संसद भवन का भ्रमण करने का अवसर पाने वालों में खुशी साहू, देशना साहू, दीप्ति साहू, दिलेश कुमार, नित्य गोपाल, दीक्षा माथुर, इशिता एवं गायत्री शामिल हैं।

संकुल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता

मस्तूरी/पचपेड़ी। संकुल केंद्र कन्या पचपेड़ी में नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत संकुल स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में संकुल अंतर्गत सभी विद्यालयों के कक्षा 1 से 8वीं तथा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शाला प्रबंधन समिति शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी के अध्यक्ष रमेश सूर्यकांत, संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार कुर्रे, संकुल शैक्षिक समन्वयक सुरेंद्र कुमार रात्रे, वरिष्ठ व्याख्याता शिव कुमार, रामखिलावन कुर्रे, इंद्र कुमार शर्मा, चंद्र कुमार चंद्राकर, लोचन शर्मा, राकेश निर्मलकर, दीपक साहू, लोमस केशी, बुधराम यादव, मधु यादव एवं व्याख्याता निशा जेहवास उपस्थित रहे।

धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष का लोकतांत्रिक पद्धति से होगा चुनाव

पथरिया। प्रदेश धोबी समाज के तत्वावधान में समाज का एक प्रदेश अध्यक्ष लोकतांत्रिक पद्धति से निर्वाचित करने को लेकर 20 सितंबर को बलौदाबाजार जिला मुख्यालय स्थित सामाजिक भवन में प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के लोकतांत्रिक चुनाव की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए संचालक मंडल का गठन किया गया। इसमें जनाराम कर्ष, मनोज निर्मलकर, राकेश रजक, श्रीराम रजक, सहसराम कर्ष, धनंजय राकेश निर्मलकर, पीपी बलभद्र, सूरज निर्मलकर, दिनेश रजक, बसंत कनौजिया, कृष्णकुमार निर्मलकर, राजेश रजक, ललित बुंदेला, शिवकुमार निर्मलकर, डॉ. विश्वकांत निर्मलकर, निर्मला रजक, नीलू रजक, केएल निर्मलकर, लक्ष्मीकांत, नरेंद्र चौधरी, उत्तम कुमार रजक, भरत बरेठ, निलेश कुमार रजक, झड़ीराम कन्नौजे, भागवत निर्मलकर, दिलीप रजक, महेश निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर, विनोद जवाहर, वीरेंद्र निर्मलकर, विजय कनौजे, नेमबाई रजक एवं सरोजनी रजक को शामिल किया गया। बैठक का संचालन लोकेश कन्नौजे ने व आभार प्रदर्शन जिला संगठन मंत्री झड़ीराम कन्नौजे ने किया।

स्वस्थ ग्राम योजना के तहत सशिमं में एक दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला

बिलासपुर। आरोग्य भारती के जिला एवं प्रांतीय इकाई के संयुक्त तत्वाधान में 20 सितंबर को ग्राम गनियारी के सरस्वती शिशु मंदिर बेलटुकरी -गनियारी में स्वस्थ ग्राम योजना के अंतर्गत एक दिवसीय प्रांतीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का कार्यक्रम था जिसमें 7 जिलों एवं आसपास के 12 गांव के लगभग 60 पुरुष और 22 महिलाएं कुल 82 लोग सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि तखतपुर विधायक डॉ धर्मजीत सिंह, मुख्य वक्ता जबलपुर से राष्ट्रीय प्रमुख स्वस्थ ग्राम योजना भोलानाथ, अतिथि वक्ता देवेंद्र आचार्य ,विशिष्ट अतिथियों में डॉ सत्यनारायण तिवारी राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक, नागेश्वर वर्मा सरपंच गनियारी एवं पदाधिकारी, गौतम साहू, उमाशंकर साहू, डॉ दुलेश्वर साहू, डॉ मानसी गुलाटी प्रांतध्यक्ष आरोग्य भारती,

प्रतिभा पांडे प्रांतीय महिला प्रमुख , डॉ राजेंद्र अग्रवाल प्रांतीय उपाध्यक्ष, डॉ जवाहर वास्तव प्रांतीय संरक्षक, अशोक यादव प्रांतीय सचिव, डॉ हिमाचल राजवाड़े प्रांतीय सह सचिव, रोशन कौशिक जिला सहसचिव, सी.पी.गुप्ता कोषाध्यक्ष, विनोद यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम के गणमान्य नागरिक राम कुमार भोई, घनश्याम पांडेय, उमाकांत गुप्ता, कृष्ण कुमार साहू, राजेंद्र साहू, प्रमोद पांडेय, सुमित्रा वर्मा प्राचार्य आदि अनेक लोग सम्मिलित हुए। यह कार्यशाला 4 सत्र में संपन्न हुई, उद्घाटन सत्र में दीप प्रज्वलित कर धनवंतरी पूजन किया गया। वक्ताओं के द्वारा बताया गया कि हम अपने ग्राम को कैसे स्वस्थ रखें ताकि हमारा राष्ट्र स्वस्थ हो सके। कई आदर्श ग्राम को उदाहरण के रूप में सबके सामने रखा गया। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ धर्मजीत सिंह ने सरस्वती शिशु मंदिर को 10 कंप्यूटर उपलब्ध कराने की घोषणा की। आभार प्रदर्शन आरपी साहू द्वारा किया गया।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार संस्थान सैटर्न फेरो एलोयस ने मौजा डगनिया, प.ह.नं. 60 तह. मस्तूरी जिला बिलासपुर स्थित भूमियों जिसके खसरा नंबर तथा रकबा का विवरण निम्नानुसार है:- खसरा नं. 215/2 रकबा 0.334 हैक्टेयर, खसरा नं. 220/1 रकबा 0.32 हैक्टेयर, खसरा नं. 220/2 रकबा 0.405 हैक्टेयर, खसरा नं. 210/4 रकबा 0.162 हैक्टेयर, खसरा नं. 210/1 रकबा 0.065 हैक्टेयर, खसरा नं. 221/2 रकबा 0.498 हैक्टेयर, खसरा नं. 221/3 रकबा 0.486 हैक्टेयर, खसरा नं. 210/13 रकबा 0.303 हैक्टेयर, खसरा नं. 291/5 रकबा 0.22 हैक्टेयर, खसरा नं. 210/2 रकबा 0.312 हैक्टेयर, खसरा नं. 210/6 रकबा 0.243 हैक्टेयर, खसरा नं. 207/1 रकबा 0.134 हैक्टेयर, खसरा नं. 207/4 रकबा 0.134 हैक्टेयर, खसरा नं. 207/5 रकबा 0.134 हैक्टेयर, खसरा नं. 207/3 रकबा 0.134 हैक्टेयर, खसरा नं. 223 रकबा 0.717 हैक्टेयर, खसरा नं. 226/1 रकबा 0.061 हैक्टेयर, खसरा नं. 227/1 रकबा 0.024 हैक्टेयर, खसरा नं. 229 रकबा 0.417 हैक्टेयर, खसरा नं. 230 रकबा 0.421 हैक्टेयर, खसरा नं. 231/1 रकबा 0.223 हेक्टेयर खसरा नं. 232/1 रकबा 0.283, खसरा नं. 232/2 रकबा 0.283 खसरा नं. 233/2 रकबा 0.081 खसरा नं. 236/2 रकबा 0.121 खसरा नं. 275/2 रकबा 0. 227 खसरा नं. 283 रकबा 0.162 खसरा नं. 208/2 रकबा 0.336 खसरा नं. 286/5 रकबा 0.129 खसरा नं. 347/2 रकबा 0.162 खसरा नं.210/5 रकबा 0. 101 खसरा नं. 209/1 रकबा 0.324 खसरा नं. 206/1 रकबा 0.121 खसरा नं. 210/10 रकबा 0.134 खसरा 210/12 रकबा 0.142 खसरा नं. 231/2 रकबा 0. 223 खसरा नं. 233/1 रकबा 0.219 खसरा नं. 234/2 रकबा 0.547 खसरा 296 रकबा 0.328 खसरा नं. 206/2 रकबा 0.186 खसरानं. 205/6 रकबा 0.081 खसरा नं. 205/2 रकबा 0.202 खसरा नं. 205/5 रकबा 0.202 खसरा नं. 235/3 रकबा 0.405 खसरा नं. 236/5 रकबा 0.15 खसरा नं. 235/5 रकबा 0.243 खसरा नं. 233/3 रकबा 0.283 खसरा नं. 234/3 रकबा 0.162 खसरा नं. 235/2 रकबा 0. 445 खसरा नं. 51/6 रकबा 0.627 खसरा नं. 208/3 रकबा 0.125 खसरा नं. 208/4 रकबा 0.125 खसास नं. 208/1 रकबा 0.125 खसरा नं. 235/1 रकबा 0.304 खसरा नं. 235/4 रकबा 0.304 खसरा नं. 235/6 रकबा 0.202 भूमियों को क्रय करने का इकरार, उपरोक्त खसरा नंबर की भूमियों के भूमिस्वामीयों के मध्य किया है एवं क्रय हेतु अग्रिम राशि का भुगतान भी भूमि स्वामियों को पृथक - पृथक प्रदान कर दिया है, तथा निकट भविष्य में उपरोक्त खसरा नंबर की भूमियों का पंजीकृत विकय पत्र निष्पादित किया जाना है। अस्तु इस सूचना के माध्यम से सूचित हो कि जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, वित्तिय संस्था को उक्त भूमि के संबंध में स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य संबंधी या बंधकग्रहण संबंधी किसी भी प्रकार की आपत्ति हो, इस सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रस्तुत करें। आपत्ति प्रस्तुत करनें की नियत तिथि के पश्चात पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित किया जावेगा एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। सो सूचना जानें।

बिलासपुर, दिनांक -22.9.2026

भवदीय- संदीप कुमार द्विवेदी, अधिवक्ता
नेहरू नगर, अमेरी रोड, आर.एस. प्राविजन के पिछे बिलासपुर (छ.ग.) मो. 8399900040

एनएनएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक से दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

तखतपुर। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना दल द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत गांधी चौक पुराना बस स्टैंड तखतपुर में नुक्कड़ नाटक किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का जनता को अवगत कराना रहा।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रधानमंत्री जनधन खाता, किसान सम्मान निधि ,प्रधानमंत्री शौर्य घर योजना जैसे विभिन्न लाभदायक योजनाओं को प्रस्तुत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनोद कुमार दुबे ने कहा कि इस प्रकार सरकार की विभिन्न योजनाओं को जनता के समक्ष प्रस्तुत कर जागरूक करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक हैं जो समय-समय पर समाज के लोगों को सकारात्मक संवाद स्थापित कर केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचने में अपनी भूमिका नाटक के माध्यम से निर्वहन करते हैं। सेवा संकल्प कार्यक्रम प्रभारी डॉ मीना शर्मा सहित नवीन कुमार साहू, कुलदीप पटेल, दाल नायिका, संध्या यादव, प्राची सविता, अंकिता, गरिमा, मानसी, श्रेया, अभिषेक, आदित्य, कृष्ण यादव, अनु, भूमिका एवं डॉ. विपिन चंद्र अग्रहरी का योगदान रहा।

शादी का झांसा देकर नाबालिग से बनाया संबंध, बंदी

आरोपी

तखतपुर। शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीकृत करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलिया पुरान निवासी नाबालिग ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टिकरीपारा तखतपुर निवासी अभिषेक शर्मा पिता रामचंद्र उम्र 31 वर्ष में उसके साथ शादी का प्रस्ताव के बहाने 23 जुलाई को दोपहर 1 बजे शारीरिक संबंध बनाया और फिर से धमकी देकर 8 सितंबर को बलपूर्वक संबंध बनाया और शादी करने से इनकार कर दिया। जिसकी रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने धारा पॉक्सो एक्ट 4,6 ,351, 2, 65 के तहत अपराध पंजीकृत करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202409250500016/ अ-6/2023-24
ग्राम चोरभट्ठी प.ह.नं. 17
//नोटिस//

प्रति,
1. जानकी शुक्ला पति देवीशंकर शुक्ला पिता स्व. गोविंद प्रसाद दीक्षित, निवासी हाउसिंग बोर्ड कालोनी रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) 2. सुशीला पति रामकुमार बाजपेयी पिता श्री स्व.गोविंद प्रसाद दीक्षित, निवासी ग्राम रोहरा तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) 3. चितरेखा तिवारी पति बृजमोहन तिवारी पिता स्व. गोविंद प्रसाद दीक्षित, निवासी गयानगर दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) 4.रामकुमार दीक्षित पिता स्व. गोविंद प्रसाद दीक्षित, निवासी शांतिनगर पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) 5. रविन्द्र कुमार दीक्षित पिता स्व. गोविंद प्रसाद दीक्षित, निवासी ग्राम परसदा शारदा मंदिर के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) 6.संतोष कुमार दीक्षित पिता स्व.गोविंद प्रसाद दीक्षित, निवासी ग्राम बरछा तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.)

आपको एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी नागेन्द्र कुमार पिता कांशीराम निवासी ग्राम जरेली तहसील पथरिया जिला मुंगेली (छ.ग.) एवं 05 अन्य द्वारा न्यायालय तहसीलदार पथरिया के रा.प्र.क्र.2024072 50900010/31-6/2023-24 पक्षकार जानकी शुक्ला विरूद्ध सुशीला वगैरह में पारित आदेश दिनांक 05/09/2024 से क्षुब्ध होकर छ.ग.भू.रा.संहिता 1960 की धारा 44(1) के तहत अपील मय धारा 52 शपथ पत्र एवं आवेदन पत्र अन्तर्गत आदेश 41 नियम 27 व्य.प्र. संहिता के अन्तर्गत आवेदन एवं अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित आदेश की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई तिथि 28/09/ 2026 को प्रात: 11 बजे नियत है। अत: आप प्रकरण की सुनवाई तिथि एवं नियत समय पर मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे। नियत तिथि में उपस्थित नहीं होने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 10/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से नोटिस जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर, बिलासपुर (छ.ग.)

दयानंद कुमार आत्मज स्व. राजेश्वर शर्मा, निवासी शर्मा निवास जीत टाकिज के पास, राजीव प्लाजा के पीछे बिलासपुर छ.ग.
.... **अपीलार्थी**
विरूद्ध
1. श्रीमती ज्योति शर्मा पति स्व. विवेकानंद शर्मा, 2. ईशिप्ता शर्मा आत्मजा स्व. विवेकानंद शर्मा, निवासी डॉ. पवन प्लाजा विनोबा नगर बिलासपुर छ.ग. 3. श्रीमती जयमंती शर्मा पति स्व. राजेश्वर शर्मा, निवासी शर्मा निवास जीत टाकिज के पास, राजीव प्लाजा के पीछे बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
.... **उत्तरवादीगण**

रा.प्र.क्र. 2202608074000029/अ-6
पेशी दिनांक 14.10.2026

प्रकरण में अपीलार्थी श्री दयानंद कुमार आत्मज स्व. राजेश्वर शर्मा निवासी शर्मा निवास जीत टाकिज के पास राजीव प्लाजा के पीछे बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी रा. बिलासपुर के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202605072400140/अ-6 पक्षकार दयानंद कुमार विरूद्ध श्रीमती ज्योति शर्मा वगैरह में पारित आदेश दिनांक 25.05.2026 (न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर के प्रकरण क्रमांक 2023244010940027/अ-6 पक्षकार ज्योति शर्मा व अन्य बनाम जयमंती शर्मा में पारित आदेश दिनांक 20.08.2024) से क्षुब्ध होकर छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 (2) अंतर्गत द्वितीय अपील प्रस्तुत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनाँक 14.10.2026 को नियत है।

अत: उत्तरवादी क्रमांक 1 श्रीमती ज्योति शर्मा पति स्व. विवेकानंद शर्मा, उत्तरवादी क्रमांक 2 ईशिप्ता शर्मा आत्मजा स्व.विवेकानंद शर्मा दोनों निवासी निवासी डॉ.पवन प्लाजा विनोबा नगर बिलासपुर छ.ग. एवं उत्तरवादी क्रमांक 3 श्रीमती जयमंती शर्मा पति स्व. राजेश्वर शर्मा निवासी शर्मा निवास जीत टाकिज के पास राजीव प्लाजा के पीछे बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. अपना पक्ष रखने हेतु इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 14.10.2026 को समय 3:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। आपके इस न्यायालय पर अनुपस्थित रहने पर आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 17.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

(बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई)
अतिरिक्त कलेक्टर,
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/Q/तह./ वा./2025
बिलासपुर, दिनांक 21/09/2025

मौजा तोरवा के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा तोरवा प.ह.न. 37 तहसील जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित परिवर्तित/कृषि भूमि ख.न. 623/2 रकबा 455 वर्गफीट/एकड़ भूमि चौहद्दी उत्तर में रास्ता दक्षिण में शंकर पूर्व में हरिश चंद्र पश्चिम में रास्ता है आवेदन अनुसार आवेदक/ उनके पूर्वज दिनांक 13/7/98 से काबिज होने से आवेदक/ आवेदिका कोमल सिंह ध्रुव पिता/पति स्व. नारद सिंह ध्रुव निवासी गुरुनानक चौक तोरवा तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा कब्जा प्रमाण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 07/10/26 को सुबह 11 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 21/9/26 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

अधीक्षक भू-अभिलेख परिवर्तित भूमि बिलासपुर जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार

आवेदक/आवेदिका सूरज कुमार सूर्यवंशी पिता राजकुमार सूर्यवंशी निवासी-कोपरा तह. तखतपुर जिला बिलासपुर
विरूद्ध
अनावेदक/अनावेदिका ज्ञानेश्वर सिंह पिता चन्द्रशेखर सिंह निवासी-चांटीडीह बिलासपुर

इस न्यायालय में आवेदक/आवेदिका सूरज कुमार सूर्यवंशी पिता राजकुमार सूर्यवंशी निवासी- कोपरा तह. तखतपुर जिला बिलासपुर ने मौजा तिफरा प.ह.न. 40 तहसील बिलासपुर जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 601/7 अन्य शीट नं. 8 प्लाट नं. 151 निर्मित श्री कान्हा हैरिटेज के भूतल के प्रकोष्ठ क्रमांक/ दुकान नं. 7 का क्षेत्रफल 144.5 वर्गफुट को अभिलेख अद्यतन हेतु पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

जिस किसी व्यक्ति संस्था निकाय को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय के समक्ष प्रकाशित होने के दिनांक 22.09.2026 से दिनांक 05.10.2026 तक कार्यालयीन दिवस एवं कार्यालयीन अवधि में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से समस्त दस्तावेज सहित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। सुनवाई के दिनांक के पश्चात प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही प्रारंभ की जावेगी। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति मान्य नहीं होगा।

इस न्यायालय की सील मुद्रा द्वारा जारी किया गया।
बिलासपुर, दिनांक:- 22.09.2026

अधीक्षक भू-अभिलेख
परिवर्तित भूमि बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार//
क्रमांक/क/अति.तह. वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 17/9/2026

ग्राम दोमुहानी के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम दोमुहानी, प.ह.नं. 43 तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 133/117 रकबा 0.08 एकड़ भूमि पर छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के अंतर्गत नाम सुधार करने हेतु के लिए आवेदक श्री भगत सिंह कैवर्त पिता स्व. मालिक राम निषाद निवासी टिकरापारा बिलासपुर तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 5/10/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

आज दिनाँक 17/9/2026 को मेरे पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

अतिरिक्त तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर
-: सीमांकन सूचना/स्थल जाँच:-

प्रति,
1. मीनाक्षी यादव दिनेश यादव 2. रोशनी पाण्डेय 3. विनय शर्मा 4. बघेल की भूमि 5. अन्य हितबद्ध पक्षकार।
विषय: सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बाबत।
संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार अति.तह./ना.तह. के ज्ञापन दिनांक 11/09/2026

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अन्तर्गत खसरा नं. 17/38 रकबा 0.0131 एकड़/ हेक्टेयर भूमि स्वामी मीनाक्षी यादव पिता/पति दिनेश यादव निवासी के द्वारा सीमांकन /स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन/स्थल जाँच दिनांक 24/09/2026 को समय 11:00 से 5.00 बजे किया जावेगा।

अत: आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अत: सूचना जानें।

टिप: विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों में सीमांकन /स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
सकरी

न्यायालय नायब तहसीलदार-2 एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक/Q / ना. तह. /वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 10/09/2026

एतद् द्वारा ग्राम तिफरा प.ह.न. 40 रा.नि.म. तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका ललित कुमार पोर्ते पिता/पति कंसराम निवासी उतरदा तहसील पाली जिला कोरबा के द्वारा मौजा तिफरा प.ह.न. 40 तहसील बिलासपुर स्थित शामिल खाते की भूमि खसरा नंबर 51/1, 52/6 रकबा 0.182,0.185 हे. भूमि को गैर आदिवासी मृत्युंजय कुमार पिता दिनेश चन्द्र जाति ...... निवासी LIG 1201 सेक्टर 8 रायपुर के पास विक्रय करने की अनुमति हेतु छ.ग. भू-राजस्व सहिता की धारा 165 (6) के अन्तर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आदिवासी भूमि के विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वे स्वत: या अपने अधिवक्ता को न्यायालय में सुनवाई तारीख 07/10/26 को समय प्रात: 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगें।

आज दिनाँक 10/09/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

नायब तहसीलदार
बिलासपुर (छ.ग.)

आम सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम बोदरी मन 1 एल.सी. आई. टी. कालेज के सामने विकसित हो रहे कालोनी 'ऐश्वर्यम' मे प्लाट नं 09 जो कि खसरा नंबर 15008/1 का अंश है एवं 'रेरा' द्वारा प्रमाणित है, को श्री हनुमान प्रसाद अग्रवाल आ. श्री मंगल प्रसाद अग्रवाल निवासी चांपा वाले के द्वारा भूमि स्वामी श्री अमित अग्रवाल पिता श्री राजकुमार अग्रवाल निवासी क्रांति नगर जैन मंदिर के पास बिलासपुर वाले से क्रय करने का सौदा किया गया है। जिस किसी को भी जन समुदाय ऐश्वर्यम के प्लाट नं. 09 बाबत किसी प्रकार का आपत्ति या दावा है, तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय/निवास में अपने समस्त दस्तावेजो के साथ स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें और अपना पक्ष रखे। अन्यथा रजिस्ट्री की प्रक्रिया को अग्रिम दिशा दी जावेगी। तदोपरांत दावा/आपत्ति को अमान्य / शुन्य समझा जावेगा।

अत: सूचना जाने

शुभम अग्रवाल
अधिवक्ता
एल आई जी 201 हाउसिंग बोर्ड कालोनी देवरीखुर्द बिलासपुर (छ.ग.)
मो.9131292742, 8871377996

खबर संक्षेप

ट्रेन दुर्घटना रोकने वाले चार रेल कर्मचारी सम्मानित

बिलासपुर। ट्रेन दुर्घटना रोकने वाले चार रेल कर्मचारियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। जानकारी के अनुसार रायटसन के ट्रैक मेंटेनेंस 1 के पद पर पदस्थ भुवन लाल वर्मा ने यार्ड में सुबह 7.15 बजे डाउन लाइन पर रेल फ्रैक्चर देखकर तत्काल संबंधित अधिकारियों को सूचना दी। इसी तरह भाटापारा के ट्रैक मेंटेनर भानू प्रताप सिंह ने 34वें वैगन की असामान्य स्थिति को देखकर अधिकारियों को सूचित किया। कांचेवानी स्टेशन में सहायक कोचीन एवं वैगन के पद पर कार्यक्रम छन्नालाल धुवारे ने वैगन के निचले हिस्से में आईहोल की पहचान की और कामटी स्टेशन के पाइंट्समैन ए के पद पर पदस्थ वैभव नरेन्द्र खोबरागड़े ने मालगाड़ी के वैगन में ब्रेक बाइंडिंग देखा। इन चारों कर्मचारियों की वजह से बड़ी दुर्घटना टली। चारों कर्मचारियों को जोन मुख्यालय में महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सम्मानित करते हुए कहा कि रेल परिचालन में संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। कर्मचारियों की ऐसी सजगता और कर्तव्यनिष्ठा अन्य रेल कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायी है।

सिम्स: स्टेट कोटे के 124 सीट भरी, अब ऑल इंडिया कोटे से होगा एडमिशन

बिलासपुर। एनएमसी द्वारा निर्धारित एमबीबीएस प्रक्रियाओं के दूसरे चरण में ही सिम्स मेडिकल कालेज की स्टेट कोटे की सभी सीटें भर चुकी हैं। सिम्स में सत्र 2026-27 के लिए 150 सीटों की मान्यता है। एमबीबीएस प्रथम वर्ष में प्रवेश प्रक्रिया के दूसरे चरण में स्टेट कोटे की सभी 124 सीटें भर गई हैं। वहीं ऑल इंडिया कोटे की 22 सीटों में से केवल तीन पर प्रवेश हो सका, जबकि 19 सीटें रिक्त हैं। सिम्स में सेंट्रल कोटे में 4 सीटों के मुकाबले एक में ही प्रवेश हो सका। दूसरे चरण की काउंसिलिंग 15 से 20 सितंबर के बीच आयोजित की गई थी। सेंट्रल कोटे की स्थिति भी अपेक्षाकृत कमजोर रही। इस कोटे के तहत उपलब्ध चार सीटों में से केवल एक सीट पर ही प्रवेश हुआ है। शेष तीन सीटों को भरने के लिए आगामी काउंसलिंग में प्रयास किया जाएगा। प्रबंधन को उम्मीद है कि अगले चरण में रिक्त सीटों पर प्रवेश हो जाएगी। एमबीबीएस के प्रथम वर्ष के एडमिशन को लेकर डीन डॉ रमणेश मूर्ति ने कहा कि स्टेट कोटे की सीटें भरना संस्थान के लिए सकारात्मक उपलब्धि है। उम्मीद है कि रिक्त ऑल इंडिया और सेंट्रल कोटे की सीटों को तीसरे चरण की काउंसिलिंग में भर जाएगी। उन्होंने यह कहा कि गत कुछ सालों में यहां से पढ़े स्टूडेंट देश के कई कोने तक पहुंच चुके है, उन्हें अपनी पहचान मिली है। प्रवेश प्रक्रिया शासन और चिकित्सा शिक्षा विभाग के दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित की जा रही है।

यादव समाज सिरगिट्टी की बैठक में सामाजिक एकता और मजबूती पर जोर

बिलासपुर। यादव समाज सिरगिट्टी परिक्षेत्र की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को यादव भवन में आयोजित की गई। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने साथ ही सामाजिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। यादव समाज सिरगिट्टी परिक्षेत्र के युवा अध्यक्ष संजय यादव ने कहा कि समाज की एकता और संगठन ही उसकी सबसे बड़ी ताकत है। बैठक में युवाओं को समाज की गतिविधियों से जोड़ने, शिक्षा को बढ़ावा देने और सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के साथ-साथ आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने पर चर्चा हुई। साथ ही यह विचार रखा गया कि समाज के लोग अपने सामाजिक दायित्वों के साथ देशहित में भी सक्रिय भूमिका निभाएं और राष्ट्र की प्रगति, सामाजिक सद्भाव तथा भाईचारे को मजबूत करने में अपना योगदान दें। उन्होंने समाज के युवाओं से समाजहित के साथ देशहित में भी सक्रिय योगदान देने और आपसी सहयोग की भावना मजबूत करने पर जोर दिया।

गन्धर्व समाज के कार्यक्रम में कुमार की पुस्तक दो किनारे का विमोचन

बिलासपुर। गन्धर्व समाज के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जाति के नवनियुक्त अध्यक्ष रामलाल चौहान शामिल हुए। समाज के लोगों ने उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में अतिथि मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, धनेश्वरी कैवर्त, चंद्रप्रकाश सूर्या, राजेश्वर भार्गव, रंजीत सिंह, रवि बरगाह, बिज्जू राव, विवेक पांडे की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रामलाल चौहान के अध्यक्ष बनने पर से अनुसूचित जाति वर्ग के विकास कार्य को नई दिशा और दशा प्राप्त होगा। कार्यक्रम का संयोजक प्रमोद सागर थे। समाज के होनहार युवा कर्तव्य कुमार द्वारा लिखित पुस्तक "दो किनारे" का विमोचन किया गया। कार्यक्रम में शिवकुमार गन्धर्व देवेंद्र गन्धर्व, कवेन्द्र गन्धर्व, हीरा गन्धर्व, परसराम चौहान, नरेंद्र महानंद, रामरतन गन्धर्व, बिहारी गन्धर्व, सेवक गन्धर्व, अर्जुन गन्धर्व, रामभवन कुलदीप, अनिल सरित जी.आर. चौहान, बी.एम. चौहान, विनोद सागर, संतोष कुलदीप, दिलीप गन्धर्व, शिव गन्धर्व, प्रेमसिंह, कुंजबिहारी गन्धर्व, कार्तिक गन्धर्व मीना गन्धर्व रुखमणि गन्धर्व, दीपा गन्धर्व, प्रियंका महानंद, संतोषी गन्धर्व, चंद्रकला गन्धर्व, रजनी चौहान, हंसमणि सिंह, शोभा सागर, जया गन्धर्व आदि मौजूद थे।

चकरभाठा थाना परिसर में एसएसपी रजनेश सिंह एवं पुलिसकर्मियों ने किया पौधरोपण

हरियाली से बनेगी शहर की पहचान, पर्यावरण का होगा संरक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि के हरियाली अभियान के तहत मंगलवार को चकरभाठा थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। एसएसपी रजनेश सिंह की मौजूदगी में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण और शहर को हराभरा बनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान थाना परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधे रोपे गए और उनकी नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाने का संकल्प लिया गया। हरियाली अभियान के माध्यम से शहरवासियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

अभियान का संदेश है कि 'हरियाली को बनाएं शहर की पहचान' और अधिक से अधिक पौधे लगाकर शहर के पर्यावरण को बेहतर बनाया जाए। इसी उद्देश्य से चकरभाठा थाना परिसर में पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी रजनेश सिंह,टीआई भावेश शेन्डे, जीएम प्रियंक सिंह परिहार,एजीएम अरूण ज्योतिषी,नवीन मिश्रा सहित हरिभूमि परिवार के सदस्य सहित बड़ी संख्या में थाना स्टॉफ मौजूद थे। हरिभूमि के हरियाली अभियान के तहत लोगों को यह संदेश दिया जा रहा है कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली जिम्मेदारी है। आज लगाए गए पौधे आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ हवा, छांव और बेहतर पर्यावरण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। थाना परिसर में हुए पौधरोपण कार्यक्रम ने पुलिस विभाग और सामाजिक सरोकार से जुड़े लोगों की पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को भी सामने रखा। अभियान के माध्यम से शहरवासियों से अपने घर, संस्थान, कार्यालय और सार्वजनिक स्थानों के आसपास पौधे लगाने तथा उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करने की अपील की गई।

मंगलवार को चकरभाठा थाना परिसर में हरिभूमि द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में एसएसपी रजनेश सिंह सहित हरिभूमि की टीम उपस्थित रही।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : एसएसपी

एसएसपी रजनेश सिंह ने कहा कि वायुमंडल को हरा-भरा रखने पौधरोपण आवश्यक है, प्रतिवर्ष हरिभूमि द्वारा पौधरोपण का अयोजन किया जाता है, जो कि शहर के लिए लाभप्रद है। ऐसी अनुकरणीय पहल से पर्यावरण का संर्वधन होता है। पेड़-पौधे पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और स्वस्थ वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण के साथ उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही शहर को अधिक हरा-भरा और पर्यावरण के अनुकूल बनाया जा सकता है। इसलिए सामाजिक संस्थाओं, सरकारी विभागों और आम नागरिकों को मिलकर पौधरोपण एवं उनके संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए।

पेड़ हैं तो हम हैं, इनके संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की

टीआई भावेश शेन्डे ने कहा कि पेड़ केवल हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे जीवन का आधार हैं। पेड़ हैं तो हम हैं। पेड़-पौधे हमें स्वच्छ वायु देने के साथ पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बढ़ते शहरीकरण के बीच पेड़ों का संरक्षण और नए पौधे लगाना आज की सबसे बड़ी जरूरतों में से एक है। उन्होंने कहा कि पौधरोपण को केवल कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखना चाहिए। लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित की जाए, ताकि वह भविष्य में एक विशाल वृक्ष बन सके। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, छांव और स्वस्थ वातावरण का आधार बनेगा। इन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा लगाए और उसे वृक्ष बनाने का संकल्प ले। सामूहिक प्रयासों से शहर को हरा-भरा बनाया जा सकता है और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में स्थायी बदलाव लाया जा सकता है।

एसईसीएल का हॉस्पिटल मैनेजमेंट सिस्टम अब कोल इंडिया में होगा लागू

बिलासपुर। विजिलेंस विभाग के मार्गदर्शन में विकसित हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) को कोल इंडिया स्तर पर विस्तार देने की तैयारी, 2.2 लाख से अधिक कर्मियों को मिलेगा लाभ। इसके लिए एसईसीएल में विकसित हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) को अब पूरे कोल इंडिया में भी लागू किया जाएगा। एसईसीएल द्वारा विकसित इस प्रणाली को आधार बनाकर कोल इंडिया के लिए एकीकृत अस्पताल प्रबंधन प्रणाली विकसित की जाएगी जिससे कंपनी के 2.2 लाख से अधिक कर्मचारी लाभान्वित होंगे। इससे विभिन्न अनुषंगी कंपनियों के अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं को एक साझा डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने की दिशा में काम आगे बढ़ेगा। एसईसीएल में एचएमआईएस की शुरुआत 27 मई 2026 को केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री श्री सतीश चंद्र दुबे ने की थी। इसका उद्देश्य मरीजों के चिकित्सा अभिलेखों को डिजिटल रूप में सुरक्षित करने के साथ अस्पताल प्रबंधन को अधिक व्यवस्थित बनाना है। इस पहल को विकसित करने और आगे बढ़ाने में एसईसीएल के विजिलेंस विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। एसईसीएल में विकसित इस व्यवस्था की उपयोगिता को देखते हुए अब इसे कोल इंडिया स्तर पर विस्तार देने की दिशा में कदम उठाया गया है। एसईसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री हिमांशु जैन ने कहा एचएमआईएस के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से व्यवस्थित करने का प्रयास किया गया है। इससे चिकित्सा अभिलेखों का बेहतर प्रबंधन, प्रक्रियाओं की निगरानी और जवाबदेही को मजबूत करने में सहायता मिलेगी।

चौबे के जन्मदिन पर रमन विवि में सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन

बिलासपुर। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं विश्व रंग के निदेशक, वरिष्ठ साहित्यकार संतोष चौबे का जन्मोत्सव मंगलवार को विश्वविद्यालय परिसर में सांस्कृतिक, सामाजिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया। हवन-पूजन में विश्वविद्यालय परिवार ने उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं सृजनशील जीवन की कामना की। विद्यार्थियों और कलाकारों ने उनकी साहित्यिक रचनाओं पर आधारित प्रस्तुतियां दीं, वहीं रायगढ़ कथक विभाग की छात्राओं ने ब्रज की होली का मंचन किया।एनसीसी और एनएसएस विद्यार्थियों ने दलहा पहाड़ में 101 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने चौबे के शिक्षा, साहित्य और संस्कृति के प्रति समर्पण को प्रेरणादायी बताया। कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी और समकुलपति डॉ. जयति चटर्जी ने भी उनके योगदान को रेखांकित किया। संतोष चौबे उपन्यासकार, कहानीकार, कवि, आलोचक, अनुवादक और संपादक के रूप में सक्रिय हैं। विश्व रंग साहित्य, कला, संगीत, संस्कृति और शिक्षा को जोड़ने वाला अंतरराष्ट्रीय मंच है। कार्यक्रम में नीरज कश्यप, पुष्पा कश्यप, अनूप शुक्ला, डॉ. आशीष पांडे, अनीश शरण, डॉ. जयशंकर यादव और किशोर सिंह सहित विश्वविद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल में आधुनिक विद्यार्थी शिक्षण मॉडल पर कार्यशाला

बिलासपुर। ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल बहतराई में आधुनिक विद्यार्थी शिक्षण मॉडल विषय पर ज्ञानवर्धक एवं सहभागितापूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षकों को नवीन एवं विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराना था, जो विद्यार्थियों में सक्रिय सहभागिता, आलोचनात्मक चिंतन, अनुभवात्मक अधिगम एवं सार्थक कक्षा-अनुभव को बढ़ावा देती हैं। कार्यशाला की वक्ता डॉ. अरोड़ा ने शिक्षकों को विद्यार्थी शिक्षण मॉडलों से परिचित कराया तथा इनके प्रत्येक चरण और कक्षा-कक्ष में इनके व्यावहारिक प्रयोग को समझाया। कार्यशाला में विशुअल थिंकिंग रुटिंस पर भी विशेष बल दिया गया। शिक्षकों को समझाया गया कि विद्यार्थियों को केवल क्या सोचना है सिखाने के बजाय कैसे सोचना है सिखाना अधिक महत्वपूर्ण है। विभिन्न दृश्य-आधारित गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में अवलोकन, प्रश्न पूछने, तर्क करने, विचारों को जोड़ने, चिंतन करने एवं स्वतंत्र रूप से सोचने की क्षमताओं के विकास पर प्रकाश डाला गया। शिक्षकों को पारंपरिक रूप से केवल विषय-वस्तु प्रदान करने से आगे बढ़कर ऐसी कक्षाएँ विकसित करने के लिए प्रेरित किया, जहाँ विद्यार्थी सक्रिय रूप से प्रश्न करें, अन्वेषण करें, ज्ञान का निर्माण करें। विद्यालय अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए शिक्षकों को समकालीन शैक्षणिक उपकरणों एवं नवीन शिक्षण पद्धतियों से निरंतर सशक्त करना आवश्यक है, ताकि अधिगम को अधिक प्रभावी, रोचक एवं सार्थक बनाया जा सके। इस अवसर पर निदेशक प्राचार्या डॉ. श्रुति गुप्ता ने कहा, प्रभावी शिक्षण केवल विषय वस्तु प्रदान करने तक सीमित नहीं है। कार्यशाला में उप-प्राचार्या रोज़मेरी लक्ष्मण आदि उपस्थित रही।

अमर ने किया 500 खिलाड़ियों का सम्मान

बिलासपुर। विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल के जन्मदिवस पर स्व. लखीराम स्मृति क्रिकेट आयोजन समिति एवं जिला ओलंपिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में खिलाड़ी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल एवं उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे।

समारोह में हॉकी के 44, क्रिकेट के 65, बैडमिंटन के 21, रायफल के 5, शतरंज के 5, दिव्यांग तैराकी के 10, मार्शल आर्ट के 10, तीरंदाजी के 15, कराते के 36, तैराकी के 29, बास्केटबॉल के 30, हैंडबॉल के 32, ताइक्वांडो के 25, सॉफ्टबॉल के 20 और एथलेटिक्स के 28 खिलाड़ियों सहित विभिन्न खेलों से जुड़े करीब 500 खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि खेल केवल जीत और हार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, एकाग्रता, निरंतर अभ्यास और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित करता है। खेल को हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा होना चाहिए। बचपन से खेलों से जुड़ने से व्यक्ति अधिक ऊर्जावान रहता है और उसके भीतर सकारात्मक सोच विकसित होती है। खेलों को बढ़ावा देना केवल खिलाड़ियों के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक समाज के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, प्रवीण दुबे , राजेंद्र भंडारी, सुशांत राय, चिक्की बोले, पंकज तिवारी, रामपुरी गोस्वामी , मनीष श्रीवास्तव, नवीन जाजोदिया, अजय सिंह , अविनाश शेट्टी , अमरनाथ सिंह, राजकुमार जायसवाल, जीवन मिश्रा, रामप्रताप सिंह, सुशील मिश्रा, राजकुमार चंद्रा आदि मौजूद थे।

खिलाड़ियों ने बढ़ाया शहर का गौरवः साव

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने खिलाड़ियों से कहा कि बिलासपुर के खिलाड़ियों ने विभिन्न स्तरों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर शहर का गौरव बढ़ाया है।

विधायक अमर का मनाया जन्मदिन

विधायक अमर अग्रवाल के निवास राजेंद्र नगर में 21 सितंबर सोमवार को भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री व विधायक अमर अग्रवाल का जन्मदिन मनाने केक कटवाते मिष्ठान वितरण एवं भव्य आतिशबाजी कर दीर्घायु एवं सतायु जीवन की कामना की। 22 सितंबर मंगलवार को सुबह नगर के विभिन्न स्कूलों एवं नर्सरी के बच्चों को भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक चॉकलेट मिष्ठान स्कूलों में पहुंचकर वितरण किया। विद्या विनोबा नगर क्षेत्र के स्कूलों में मिष्ठान केक चॉकलेट वितरण कार्यक्रम में मनीष अग्रवाल, धीरेंद्र केसरवानी, गणेश रजक, जुगल अग्रवाल, मनजीत गोस्वामी, अभिजीत मित्रा, राम साहू, परेश श्रीवास्तव, निक्कू वर्मा, सचिन कायरवार, प्रहलाद गोस्वामी, रामनाथ कुशवाहा, मनोज अग्रवाल, अरविंद साहू आदि मौजूद थे।

समर्थकों के बीच केक काटते अमर अग्रवाल।

विधायक सुशांत शुक्ला ने दी शुभकामनाएं।

प्रदेश सह कार्यालय प्रभारी सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भाजपा अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ के जीवन मिश्रा ने विधायक अमर को जन्मदिन की बधाई दी।

विधायक अमर अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते सुरेंद्र सिंह छाबड़ा, हरदीप सिंह सलूजा, हरमीत सिंह छाबड़ा उपस्थित थे

दिनभर चला शुभकामनाओं का सिलसिला

मंगलवार को शहर विधायक अमर अग्रवाल को बधाई देने बड़ी संख्या में नेता, पदाधिकारी, कार्यकर्ता पहुंचे। केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, विधायक धर्मजीत सिंह, जोन क्रं. 5 के अध्यक्ष पार्षद रंगा नादम, जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष मंडल प्रभारी पंकज तिवारी, संदीप केडिया, राजेश त्रिवेदी, दिनेश चौधरी, आशुतोष साव, एल्डरमैन शेखर पाल, मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, बबलू कश्यप,विजय यादव,रौशन सिंह, शानुल खान, शरद यादव, महर्षि बाजपेई, विश्वजीत ताम्रकार, टिक्कू, रानू गुप्ता, आशीष तिवारी, रोहित मिश्रा, राजा वर्मा, अमन सिंह, श्रीकांत , सतीश नादम, मनीष परिहार, ने अमर अग्रवाल को दीर्घायु एवं यशस्वी होने की कामना की। इस अवसर पर भाजयुमो जिला कार्यसमिति सदस्य विवेक ताम्रकार, भाजयुमो जिला सह कोषाध्यक्ष राहुल सिंह, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष महर्षि बाजपेयी, जिला कार्यसमिति सदस्य विन्नी विधानी, देवेश खत्री, निखिल खंडेलवाल, मुकेश अधिजा, दीपक यादव ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

सेवा दिवस के रूप में मनाया विधायक अमर का जन्मदिन

भाजयुमो नेता रौशन सिंह के नेतृत्व में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने मसानगंज वृद्धाश्रम एवं नूतन चौक सरकंडा श्रवण बाधित बालिका आवासीय विद्यालय में फल वितरित किए। इस सेवा कार्य में मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि आनंद तावड़कर, शरद यादव, मोनू रजक, साहिल भाभा, रहेमान अली, अमन फ्रांसिस आदि मौजूद थे।

खबर संक्षेप

रेस्ट हाउस से 50 हजार का सामान चोरी

बिलासपुर। रेलवे के रेस्ट हाउस में चोरों ने धावा बोलकर करीब 50 हजार रुपए का सामान चोरी कर लिया। तारबाहर पुलिस के अनुसार, गणेशवेली मोपका निवासी आशीष चंद्रा पिता स्व. ओमप्रकाश चंद्रा रेलवे में पदस्थ हैं। 21 सितंबर को दोपहर करीब 12.30 बजे वे कार्यालय में काम कर रहे थे। इसी दौरान काम से रेस्ट हाउस, ट्रैक मशीन ऑफिस के सामने बारहखोली चौक गए। वहां कमरे का ताला टूटा हुआ था।जांच करने पर रेस्ट हाउस में रखा 5 नग एसी इनडोर यूनिट का कॉपर ट्यूब, 3 नग आउटडोर यूनिट के कंप्रेसर, 2 गीजर, 4 इन्वर्टर बैटरी, 5 बैटरी चार्जर के कॉपर क्वाइल और 3 बाथरूम के नल गायब मिले। चोरी गए सामान की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

फरार गांजा सप्लायर गिरफ्तार

बिलासपुर। पुलिस ने फरार गांजा सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। कोटा पुलिस ने पूर्व में सुंदनपारा कोटा निवासी हीरा नेताम पिता स्व. जगलिहा नेताम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक किलो गांजा जब्त किया था। पूछताछ में हीरा नेताम ने गांजा सप्लायर का नाम पुलिस को बताया था। इसके आधार पर पुलिस ने रतनपुर जाली निवासी संतोष उर्फ भुरवा मरकाम पिता रामसाय मरकाम (32) को गिरफ्तार कर लिया है।

मोबाइल लूटने वाले दो युवक गिरफ्तार

बिलासपुर। झपट्टा मारकर मोबाइल लूटने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल बरामद किया गया है। कोटा पुलिस के अनुसार, 21 सितंबर को राकेश विश्वकर्मा ग्राम मंझगांव से बिजली का सामान लेने कोटा जा रहे थे। लालपुर मोड़ के पास दो युवकों ने झपट्टा मारकर उनका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए। पुलिस ने पतासाजी कर बोईरखोली कोटा निवासी श्यामलाल ध्रुव पिता हीरालाल ध्रुव (27) और पोंडी निवासी रूपेश कुमार पिता शिवशंकर बंजारे (24) को गिरफ्तार कर लिया।

वरिष्ठ पत्रकार के घर चोरी की कोशिश

बिलासपुर। सिटी कोतवाली क्षेत्र में रहने वाले वरिष्ठ पत्रकार पीयूष कांत मुखर्जी (83) के घर रविवार दोपहर दिनदहाड़े चोरी की कोशिश की गई। मुखर्जी के अनुसार, दोपहर करीब 2.30 बजे घर का मुख्य दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो एक युवक घर में मौजूद मिला। पूछताछ करने पर उसने खुद को कबाड़ी बताया और पीछे की खिड़की से कंबल में लपेटकर रखे लोहे के रॉड लेकर भाग निकला। युवक खिड़की से लोहे का रॉड निकालकर उसी रास्ते से घर में घुसा था। सामने पड़ने पर पूछताछ की तो वह पीछे की खिड़की से कूदकर भाग गया। घटना के संबंध में मुखर्जी ने सोमवार 21 सितंबर को सिटी कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दी है। शिकायत के बाद भी पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की और न ही घटनास्थल का निरीक्षण किया।

सकरी से उसलापुर स्टेशन आने वाले लोगों को हो रही परेशानी, ओवरब्रिज पार करना है मजबूरी

12 करोड़ में बनेगी सेकेंड एंट्री की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

उसलापुर रेलवे स्टेशन में सेकेंड एंट्री के लिए जर्जर सड़क का निर्माण कार्य करने रेलवे बोर्ड ने 12 करोड़ रुपए सेंक्शन कर दिया है। इस कार्य को रेल प्रशासन ने जल्द ही शुरु करने का निर्णय लिया है, जिसके उपरांत उसलापुर सहित सकरी और अन्य स्थानों से स्टेशन तक पहुंचने वाले लोगों की परेशानी दूर हो सकेगी।

अमृत भारत योजना में बिलासपुर रेल मंडल के उसलापुर रेलवे स्टेशन को भी रेल प्रशासन ने शामिल किया हुआ है। उसलापुर स्टेशन को विकसित करने के लिए कई बार योजनाएं बन चुकी हैं, लेकिन यह सारी योजना अब तक धरातल में आने के बजाय केवल कागजों तक ही सीमित है। स्टेशन के आसपास लाखों की आबादी वाले क्षेत्र हैं, जिन्हें बिलासपुर स्टेशन के बजाय उसलापुर स्टेशन की दूरी तय करने में समय पर कम लगते हैं। उसलापुर आदर्श रेलवे स्टेशन में रेल प्रशासन ने बिलासपुर स्टेशन में ट्रेन यातायात का दबाव करने के साथ यात्री संख्या कम करने के लिए दुर्ग की ओर से आने वाली चार मुख्य ट्रेनें दुर्ग-निजामुद्दीन संपर्कक्रांति एक्सप्रेस, दुर्ग-जम्मूतवी विस्तारित उधमपुर एक्सप्रेस, दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस और दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का भी स्टापेज शुरु कर दिया है। इससे बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने वाले 8 हजार से अधिक यात्रियों की संख्या में कमी आई है। उसलापुर स्टेशन के दूसरे छोर पर यानि उसलापुर ओवरब्रिज के बाद कालोनी के अलावा सकरी, तखतपुर का क्षेत्र भी पड़ता है, जहां से हजारों की संख्या में स्टेशन पहुंचने वाले यात्रियों को पहले ओवरब्रिज पार करना मजबूरी है। लोगों की सुविधा के लिए उसलापुर ओवरब्रिज के बगल यानि बायीं ओर से एक रास्ता बना हुआ है, जहां सड़क पर जगह-जगह गड्ढे के अलावा रात में अंधेरा पसरा रहता है। रात में भय के कारण लोग भी इस रास्ते का उपयोग नहीं करत हैं। इसे देखते हुए रेल प्रशासन ने सड़क निर्माण कार्य के साथ स्ट्रीट लाइट के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। राशि स्वीकृति के जल्द ही इसमें कार्य शुरु किया जाएगा।

रींवा और अन्य ट्रेन भी उसलापुर से

जानकारी के अनुसार बिलासपुर स्टेशन में हावड़ा-मुम्बई और अन्य रूट की यात्री ट्रेन व मालगाड़ियों का दबाव काफी हो चुकी है। वर्तमान में बिलासपुर से कटनी की ओर जाने वाली गाड़ियों में बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस, बिलासपुर-रींवा एक्सप्रेस, बिलासपुर-कटनी लोकल मेमू स्पेशल, बिलासपुर-पेण्ड्रारोड स्पेशल मेमू शामिल है। आने वाले दिनो में अमृत भारत स्टेशन के साथ ही रेल प्रशासन बिलासपुर से कटनी की ट्रेनों को उसलापुर से चलाने की योजना बना रहा है।

निगम का भी कार्य

रेलवे के अनुसार उसलापुर स्टेशन के सेकेंड एंट्री की ओर काफी काम किए जाने हैं, जिसमें सड़क का कार्य और स्ट्रीट लगाया जाना भी शामिल है। इसमें कुछ दूरी तक रेलवे की सड़क है तो कुछ दूरी तक निगम की सड़क भी आती है। रेलवे की ओर से अपना काम जल्द ही शुरु कर दिया जाएगा, लेकिन कुछ दूरी तक निगम की सड़क को भी ठीक करना जरूरी होगा ताकि लोगों को सुविधा मिल सके।

फेस 1 के बाद होगा काम

अमृत भारत योजना में उसलापुर स्टेशन के दूसरे ओर भी काम किया जाएगा। सेकेंड एंट्री की ओर सड़क निर्माण व अन्य कार्य के लिए 12 करोड़ रुपए स्वीकृत होने की जानकारी संबंधित विभाग से लेनी होगी। संभवतः वर्तमान में उसलापुर स्टेशन पर फेस 1 के तहत काम किया जा रहा है। सड़क निर्माण व अन्य कार्य फेस 1 के बाद किया जा सकता है।

-अनुराग कुमार सिंह, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

लाखों का रेलवे ट्रैक चोरी, लोडिंग करते पकड़ा गया ट्रक चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेल मंडल बिलासपुर की आरपीएफ टास्क टीम 2 ने मुखबिर की सूचना पर लाखों रुपए का रेलवे ट्रैक लोडिंग करते हुए ट्रक चालक को पकड़ा है। वहीं खरीदी करने वाला कबाड़ी और मुख्य आरोपी दोनों फरार हो गए हैं, जिसकी तलाश की जा रही है।

- आरपीएफ टास्क टीम की कार्रवाई
- कबाड़ी और मुख्य आरोपी फरार

रेलवे ट्रैक चोरी की सूचना पर बिलासपुर डिवीजन के वरिष्ठ मंडल संरक्षा आयुक्त सौरभ कुमार ने जांच करने आदेशित किया। सीनियर डीएससी के आदेश पर मंडल टास्क टीम 2 ने निरीक्षक सुनीता मिंज के नेतृत्व में एक ट्रक क्रमांक सीजी 07 बीएल 2601 को रोककर जांच की। ट्रक में कबाड़ स्क्रैप के अलावा 90 आर रेल लाइन, आयरन ब्रेक ब्लॉक और अन्य रेल संपत्ति पाया गया। वाहन चालक शहडोल मध्यप्रदेश निवासी सीताराम द्विवेदी पिता सुरेश प्रसाद द्विवेदी से पूछताछ में जानकारी मिली कि ट्रक में चौहान ट्रेडर्स के मालिक रियाजुद्दीन उर्फ चुनमुन का कबाड़ लोड है। ट्रक चालक की निशानदेही पर कबाड़ मालिक रियाजुद्दीन उर्फ चुनमुन की पतासाजी की गई, लेकिन वह मौके से फरार हो गया था। उसके कब्जे से ट्रक में लोड अन्य स्क्रैप सहित रेल संपत्ति को जब्त किया गया। आरपीएफ ने फरार मुख्य आरोपी और कबाड़ी की तलाश शुरु करने के साथ चालक के खिलाफ धारा 3 (ए) आरपी(यूपी) एक्ट के तहत मामला न्यायालय में पेश किया । आरपीएफ के अनुसार आरोपियों ने रेलवे ट्रैक और अन्य संपत्ति को रेल लाइन के बगल से चोरी किया था, जिसकी कीमत 6 लाख 50 हजार रुपए से अधिक है। वहीं फरार कबाड़ी रियाजुद्दीन उर्फ चुनमुन की खोजबीन की जा रही है, जिसके खिलाफ स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल में दर्जनों मामले पहले से दर्ज हैं। इस दौरान आसपास क्षेत्रों के कबाड़ियों से भी पूछताछ की जा रही है।

कचरा कलेक्शन से लेकर सड़क नाली पर सदन होगा गरम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम की सामान्य सभा 25 सितंबर को होगी। इसके लिए पार्षदों ने शहर की सड़क, सफाई, जलभराव और अधूरे विकास कार्यों से जुड़े 56 से अधिक सवाल लगाए हैं।

- निगम की सामान्य सभा 25 को, लाटरी निकली

सामान्य सभा में गुरुनानक चौक से छठ घाट रोड की जर्जर सड़क, वार्ड 41 में खराब पड़ी स्काई लिफ्ट मशीन और 70 वार्डों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन की व्यवस्था पर सवाल होंगे। पार्षदों ने कचरा उठाने में हो रही अनियमितताओं के साथ जल जीवन मिशन के अधूरे कामों की स्थिति भी पूछी है। देवरीखुर्द मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण का मामला भी सभा में उठेगा। सदन में सवाल पूछने को लेकर मंगलवार को निगम के दृष्टि सभा भवन में लाटरी निकाली गई। 70 वार्डों वाले निगम सदन में सामान्य सभा के लिए भाजपा के 16 पार्षदों ने सवाल पूछा है जबकि कांग्रेस के 18 पार्षदों में 11 ने सवाल पूछे हैं। ध्यान रहे कि भाजपा के 14 पार्षद एमआईसी में है। वहीं 11 नामांकित पार्षदों में सिर्फ एक ने सवाल दिया, जबकि 10 ने कोई प्रश्न नहीं पूछा। एक एल्डरमैन ने भी सवाल लगाया है। निगम की बड़ी योजनाओं और व्यवस्थाओं पर भी जवाब मांगा गया है। नेता प्रतिपक्ष भरत कुमार कश्यप ने स्मार्ट सिटी के तहत विकसित जतिया तालाब के रखरखाव को लेकर सवाल लगाया है। महापौर द्वारा घोषित बोर खनन की स्थिति पर भी सवाल किया गया है। वहीं वार्ड 8 में सामने आई 16 लाख रुपए की टैक्स हेराफेरी के मामले में जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों पर की गई कार्रवाई का ब्योरा मांगा गया है। वार्ड 49 और 50 में बारिश के दौरान हुए जलभराव से प्रभावित परिवारों को मुआवजा वितरण का मुद्दा भी सामान्य सभा में उठेगा।

File Photo

पार्षदों ने पूछा है कि प्रभावित परिवारों की संख्या कितनी है और अब तक कितनों को मुआवजा दिया गया। साथ ही श्रीरामकेयर अस्पताल के पास मुख्य नाला निर्माण की धीमी गति पर भी सवाल होगा। 25 सितंबर को होने वाली सामान्य सभा की तैयारी निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है। पूछे गए सवालों के जवाब के लिए रुपरेखा तैयार की जा रही है। निश्चित ही बैठक हंगामेदार होने की संभावना है।

614 किलोमीटर रूट पर किया जा रहा कवच कार्य

बिलासपुर। एसईसीआर के झारसुगुड़ा से नागपुर के बीच तीसरी व चौथी लाइन के अलावा आटो सिग्नलिंग के साथ अब 1654 करोड़ रुपए की लागत से 614 रूट किलोमीटर पर कवच का कार्य शुरु कर दिया गया है, जिससे ट्रेन दुर्घटनाओं और ओवरशूट में कमी आने की संभावना व्यक्त की जा रही है। वर्तमान में नागपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन पर 614 रूट किलोमीटर में कवच का कार्य प्रगति पर है। आगामी वित्तीय वर्ष में नागपुर से गोंदिया सेक्शन पर 135 रूट किलोमीटर में कवच रोल आउट का लक्ष्य निर्धारित करने के साथ ही कई शाखा लाइन पर भी कवच स्थापना का कार्य जारी है। इन सभी कार्यों के लिए बिलासपुर में बहुविभागीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कवच प्रयोगशाला बनाया गया है।

सिरगिट्टी में दो लोगों पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अलग-अलग घटनाओं में सिरगिट्टी क्षेत्र में दो लोगों के साथ मारपीट कर चाकू से हमला किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, गणेशनगर नयापारा निवासी अजय महिलांगे पिता बड़कू महिलांगे 21 सितंबर की रात ई-रिक्शा चलाने के बाद उसके मालिक को घर छोड़कर अपने घर जा रहे थे। रात करीब 11 बजे रास्ते में लाला जांगड़े ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए चाकू से हमला कर दिया। हमले में अजय के दायें कंधे और उंगली में चोट आई है। दूसरी घटना में तिफरा मन्नाडोल निवासी कन्हैया सूर्यवंशी पिता राजचंद सूर्यवंशी 21 सितंबर की रात पिकअप वाहन विजय साहू के घर छोड़कर बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब 10.30 बजे बजरंगपारा सिरगिट्टी में राजू प्रजापति और राज प्रजापति ने उनका रास्ता रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर दोनों ने जान से मारने की धमकी दी। इसी दौरान राजू प्रजापति ने चाकू से कन्हैया की पीठ पर हमला कर दिया। खून से लथपथ होकर कन्हैया के जमीन पर गिरते ही दोनों आरोपी वहां से भाग गए।पुलिस ने दोनों मामलों में आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

महिला ने सीए की कार को मारी टक्कर, जुर्म दर्ज

बिलासपुर। तेज रफ्तार और लापरवाही से कार चला रही महिला चालक ने सीए की कार को टक्कर मार दी। हादसे के बाद महिला चालक कार लेकर चली गई। पुलिस ने उसके खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, बाबजी पार्क निवासी सीए राजेश पाण्डेय पिता डॉ. वीरेंद्र पाण्डेय 19 सितंबर की रात करीब 8.45 बजे बजरंग कॉम्प्लेक्स स्थित अपने कार्यालय से कार क्रमांक सीजी 10 बीटी 9306 से घर जा रहे थे। इंदू चौक पर अग्रसेन चौक की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 10 जेड 6629 की महिला चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी कार के ड्राइवर साइड में टक्कर मार दी। इससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। राजेश पाण्डेय ने कार से उतरकर महिला चालक से वाहन सावधानी से चलाने की बात कही। इस पर महिला ने कहा कि उसके पास समय नहीं है और रिपोर्ट लिखाने की बात कहकर कार लेकर चली गई। पुलिस ने राजेश पाण्डेय की रिपोर्ट पर अज्ञात महिला चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध दर्ज किया है।

मथुरा-वृंदावन के लिए यात्रियों का जत्था रवाना

बिलासपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत बिलासपुर, मुंगेली और जीपीएम जिलों के 800 नागरिकों का जत्था मथुरा, वृंदावन एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि की तीर्थयात्रा के लिए आज बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रवाना हुआ। राज्य शासन के पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नूलाल मोहले ने हरी झंडी दिखाकर विशेष ट्रेन को रवाना किया। यह तीर्थयात्रा दर्शन उपरांत 24 सितम्बर को बिलासपुर वापस आएगी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत मुंगेली अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, महापौर पूजा विधानी आदि मौजूद थे।

ब्वॉयफ्रेंड को पैसे देने मां पर दबाव, नाबालिग ने छोटे भाई के गले पर अड़ाया चाकू

बिलासपुर। ब्वॉयफ्रेंड को पैसे देने के लिए मां पर दबाव बनाने वाली 16 वर्षीय नाबालिग ने अपने 11 वर्षीय छोटे भाई के गले पर चाकू अड़ा दिया और उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने बच्चे को सुरक्षित बाहर निकालकर नाबालिग को काउंसलिंग के लिए बालिका गृह भेज दिया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया कि एक महिला पति से तलाक के बाद 16 वर्षीय बेटी और 11 वर्षीय बेटे के साथ में रहती है। रविवार रात नाबालिग ने अपनी मां से ब्वॉयफ्रेंड को देने के लिए पैसे मांगे। पैसे नहीं मिलने पर उसने घर में हंगामा शुरू कर दिया। इसके बाद नाबालिग ने सब्जी काटने वाले चाकू को अपने छोटे भाई के गले पर अड़ा दिया और उसे जान से मारने की धमकी देने लगी। बाद में वह बच्चे को एक कमरे में ले जाकर अंदर से बंद हो गई। परेशान मां ने डायल 112 को फोन कर पुलिस से मदद मांगी।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और नाबालिग को समझाने का प्रयास किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद उसने दरवाजा खोला। पुलिस समझाइश के बाद भी उसके व्यवहार में सुधार नहीं होने पर पुलिस ने उसे काउंसलिंग के लिए सरकंडा स्थित बालिका गृह भेज दिया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411

स्वामी जी
93406-38884

केदारनाथ में घोड़े खच्चर, पालकी व हेलीकॉप्टर की सुविधा दिलवाने में मदद करायेंगे।
By Train - रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
हरिद्वार, ऋषिकेश, गंगोत्री यमुनोत्री, बद्रीनाथ, केदारनाथ
यात्रा दिनांक
26 सितंबर 2026
12 अक्टूबर 2026
24 अक्टूबर 2026
राशि स्लीपर ₹22,500/- ऑफर ₹18,500/- 3AC ₹29,500/- ऑफर ₹27,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
9111111866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
श्री विजय वंदना
इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेस एण्ड रिसर्च सेन्टर
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
कैंसर रोग विशेषज्ञ द्वारा ओपीडी
अब बिलासपुर में
24 सितम्बर 2026, गुरूवार | समय : सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक
स्थान : श्री विजय वंदना इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर
श्रीवास भवन के पास, श्री लक्ष्मी पैट्रोल पंप के पीछे, मिनोचा कॉलोनी, बिलासपुर

कैंसर विशेषज्ञ से परामर्श पाएं, चिंता मुक्त हो जाएं
डॉ. यशवंत कश्यप
कैंसर रोग विशेषज्ञ
MD(जनरल मेडिसिन), DM(मेडिकल ऑन्कोलॉजी)
वरिष्ठ सलाहकार, मेडिकल ऑन्कोलॉजी,
हेमेटो ऑन्कोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांटेशन
बालको मेडिकल सेंटर
यदि आपको इनमें से कोई भी लक्षण हैं तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से मिलें
• स्तन में गाँठ
• असामान्य गाँठ या उभार
• मुँह में बदलाव या आवाज में भारीपन
• निगलने में कठिनाई
• लगातार खाँसी, सिरदर्द या बदन दर्द
• ठीक न होने वाले छाले/घाव
• बार-बार बुखार या संक्रमण
• पेट में दर्द या जी मिचलाना
• पेट फूलना • खून की कमी
• त्वचा (स्किन) में बदलाव
• वज़न में बिना कारण कमी
• मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव
• मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 7471130319
8282824444
नया रायपुर, छ. ग.
ATUL

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का किया निरीक्षण

मुंगेली। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिला कलेक्टोरेट में स्थित स्ट्रांग रूम में रखे गए ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का बारीकी से अवलोकन किया, जिसमें सभी मशीन स्ट्रांग रूम में सुरक्षित पाए गए। साथ ही आवश्यक रख-रखाव संबंधी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के पश्चात स्ट्रांग रूम को सील बंद किया गया। निरीक्षण के दौरान सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

दाऊपारा मुक्तिधाम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया स्वच्छता अभियान

मुंगेली। सेवा संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी द्वारा दाऊपारा स्थित मुक्तिधाम में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मुक्तिधाम परिसर की साफ-सफाई कर स्वच्छता एवं सुव्यवस्था का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान में मंडल प्रभारी पवन पांडेय, वरिष्ठ नेता मोहन भोजवानी, जिला मीडिया प्रभारी रामशरण यादव, मंडल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, महामंत्री मन्नूलाल श्रीवास्तव, महावीर सिंह, विजय यादव, पार्षद रोशन सोनी, निमेष देवांगन, एल्डरमेन राजहंस तम्बोली, प्रवीण सोनी, संदीप ठाकुर,रवि साहू, वासु पांडे, शंकरलाल देवांगन, विक्रांत देवांगन, संतोष लखवानी, वासुदेव देवांगन, दिनेश बुनकर, हीरालाल साहू, अजय चन्द्राकर, विनोद श्रीवास, आरती गुप्ता, योगेश ताम्रकार, रविन्द्र केशरवानी, पवन मिश्रा सहित मुक्तिधाम सेवा समिति के प्रवीण जैन एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

कोतरी नदी सफाई अभियान जारी श्रमदान में जुटे मोहल्लावासी

लोरमी। नगर के वार्ड 12 स्थित कुंदरापारा कोतरी नदी में तीसरे सप्ताह वार्डवासियों ने सफाई अभियान चलाकर मुहिम को जारी रखा। वार्ड के युवा वर्गों ने इस जनसेवा कार्य को केवल शब्द तक नहीं बल्कि संकल्प लेकर धरातल पर ला रहे हैं। कोतरी नदी में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत मोहल्लेवासियों, युवा वर्गों ने जागरूक नागरिकों ने एकजुट होकर श्रमदान किया। वार्ड वासियों ने कहा हमारी नैतिक जिम्मेदारी है की कोतरी नदी पुर्नउत्थान कर स्वच्छ नदी, स्वच्छ मोहल्ला और स्वच्छ वातावरण के लिए यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अभियान में वार्ड पार्षद धनंजय दुबे, रमेश राजपूत, नरेंद्र राजपूत, योगेश, भाईराम, मनीष, अभय, अंकित, गोपाल, नकुल, धर्मजीत एवं अन्य शामिल रहे।

थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचने के बताए उपाय

बहतरा। पचपेड़ी थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से गांव-गांव साइबर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत बहतरा में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर ने ग्रामीणों को साइबर ठगी के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को बताया कि साइबर ठग अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करते हैं। उन्होंने अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, एटीएम/डेबिट कार्ड की जानकारी, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी हो जाती है तो बिना देरी किए 24 घंटे के अंदर साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर फोन कर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि ठगी गई रकम को रोकने के लिए समय रहते कार्रवाई की जा सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गांव के ग्रामीण मौजूद रहे।

10 लीटर महुआ शराब व 40 किलो लाहन के साथ आरोपी गिरफ्तार

लोरमी। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार ग्राम नवागांव दयाली चौकी डिंडौरी में

फूलसिंह धुर्वे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ एवं 40 किलोग्राम लाहन जप्त किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। यह कार्रवाई सहायक आबकारी अधिकारी रविन्द्र पाण्डेय के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें आबकारी उपनिरीक्षक उम्मी रूमा सहित टीम शामिल रही।

घरों व पंडालों में की जा रही पूजा अर्चना, बड़ी संख्या में जुट रहे श्रद्धालु

अंचल में गणेश उत्सव की धूम, विसर्जन का दौर शुरू

शोभायात्रा के साथ गजानन को दी विदाई

लोरमी। ग्राम सुकली में गणेश उत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से संपन्न हुआ। पूरे नौ दिनों तक गांव में प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा की आराधना कर सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली की मंगलकामना की। गणेश उत्सव के दौरान गांव का वातावरण भक्तिमय बना रहा। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने भी उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नौ दिनों तक पूजा-पाठ, आरती और भक्ति कार्यक्रमों से पूरा गांव गणेशमय नजर आया। उत्सव के अंतिम दिन भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विसर्जन के लिए श्रद्धालुओं ने भव्य शोभायात्रा निकाली।

बाजे-गाजे, ढोलक, मंजीरा, मांदर, झांझ के थाप पर श्रद्धालु नाचते-गाते और गणपति बप्पा के जयकारे लगाते हुए विसर्जन स्थल की ओर रवाना हुए। विशेषरूप से महिलाओं ने घर-घर से निकलकर गणेश जी का पूजन अर्चन किया और परिवार एवं गांव की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। आयोजन के दौरान धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक एकता और भाईचारे की भावना भी देखने को मिली। इस अवसर पर रवींद्र जायसवाल, हिमालय सिंह, अभिषेक, दीपेश, योगेश, नवीन, जागेश्वर, अखिल, नितिन, सहदेव, जतिन, रूपेश, अंकित, तुषार, मनहरण, कान्हा, दीपक, केशव, वासु, हरिओम, अभय, तन्नू, दामिनी, यामिनी, नीलम, जया, प्राची, निधि, दिव्यानि, श्रेया प्रकृति सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

रामचरितमानस कथा से भक्ति एवं संस्कारों की बह रही ज्ञानधारा

जरहागांव। रामजानकी मंदिर परिसर में 11 दिवसीय रामचरितमानस प्रवचन का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक आयोजन का यह चतुर्थ वर्ष है। कार्यक्रम का आयोजन समिति भटली

कला द्वारा स्व. भरतलाल कश्यप की स्मृति में किया जा रहा है। 15 सितंबर से प्रारंभ होने वाला यह धार्मिक आयोजन 25 सितंबर तक चलेगा।

आयोजन के दौरान प्रतिदिन शाम 3 बजे से रात 7 बजे तक रामचरितमानस प्रवचन होगा। कथा व्यास पं. शिवकुमार पांडेय, पिपरछुटी वाले तथा महेतर कश्यप, बुढ़ा वाले द्वारा रामचरितमानस के प्रसंगों का भावपूर्ण व्याख्यान किया जाएगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं, धर्मप्रेमी नागरिकों एवं ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में रामकथा में शामिल होकर भक्ति, ज्ञान और संस्कारों की इस ज्ञानधारा का लाभ लेने की अपील की है। कार्यक्रम में अध्यक्ष रामकुमार जायसवाल, संरक्षक पवन पांडेय (जनपद सदस्य, सरपंच भुनेश्वरी देवी प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष चरण कश्यप एवं संचालक दूकालू राम कश्यप, डॉ संतोष साहू सहित आयोजन समिति के सदस्य व्यवस्था में जुटे हुए हैं।

बेलतरा में विराजे गणेश

बेलतरा। बेलतरा बस स्टैंड में गणेश उत्सव समिति की ओर से गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई है। गणेश प्रतिमा का दर्शन करने नगर सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में उमड़ रहे हैं। सुबह शाम आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रहती है।

गुरूकुल स्कूल में विराजे गजानन

तखतपुर। गुरुकुल उच्च माध्यमिक विद्यालय में भगवान गजानन की मूर्ति स्थापित कर प्रतिदिन बारी बारी प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा पूजा अर्चना करते हुए सभी की मंगलकामना हेतु प्रार्थना करते हैं। इस मंगल उत्सव की धूम से पूरा विद्यालय परिसर श्री गणेश के जयकारे और आरती से गूंज उठा। प्राचार्य अरविन्द कुमार पाण्डेय ने कहा कि हर व्यक्ति को गणेश जी से भी शिक्षा लेकर एक अच्छे पुत्र को तौर पर अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। हर दिन सभी कक्षाओं में पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण किया जाता है।

गुडी चौक गणेश पंडाल में गूंजा हनुमान चालीसा

मल्हार। नगर के गुडी चौक स्थित गणेश पंडाल में हर मंगलवार की तरह इस बार भी युवा मंडली द्वारा धार्मिक आयोजन किया गया। भगवान गणेश के स्थापना पंडाल में युवाओं ने एकत्रित होकर पूरी आस्था के साथ हनुमान चालीसा का पाठ और भव्य कीर्तन किया। कीर्तन के दौरान पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा, जिसमें स्थानीय भक्तों ने भी जमकर थिरकते हुए हाजिरी लगाई। पाठ और कीर्तन के समाप्ति के बाद भगवान श्रीगणेश और संकटमोचन हनुमान जी की महाआरती उतारी गई। महाआरती के पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में मोहल्ले वासियों के साथ-साथ बड़ी संख्या में नगरवासी भी शामिल हुए।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने जारी की राज्य खेल पुरस्कारों के लिए नियमावली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवं खेल दलों को प्रदान किए जाने वाले गुंडाधूर सम्मान और महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान वर्ष 2026-27 के लिए इच्छुक एवं पात्र खिलाड़ियों से निर्धारित प्रारूप में 30 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

वरिष्ठ खेल अधिकारी ने बताया कि निर्धारित प्रारूप में अनुशंसाएं इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से संचालनालय, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की विभागीय वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन अपलोड की जा सकती हैं। शासन द्वारा निर्धारित नियमावली, प्रावधानों, नियमों एवं शर्तों का पालन करने वाले उत्कृष्ट खिलाड़ी अथवा खेल दल को चयन प्रक्रिया के माध्यम से प्रदान किया जाएगा।

सम्मान के तहत 01-01 लाख नगद पुरस्कार, अलंकरण फलक एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। गुंडाधूर सम्मान और महाराजा प्रवीरचंद्र भंजदेव सम्मान की नियमावली, चयन के मापदंड एवं अन्य आवश्यक जानकारी विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है। पात्र खिलाड़ी एवं खेल दल आवेदन करने से पहले निर्धारित नियमों एवं पात्रता शर्तों का अवलोकन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितंबर निर्धारित है।

कलेक्टर ने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के दिए निर्देश

मुंगेली। जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने पशुधन विकास विभाग की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में जिला पशु कल्याण समिति द्वारा प्रस्तावित पंजीयन शुल्क, पशु चिकित्सा के लिए आवश्यक सामग्री एवं उपकरण, पशुओं में यूआईडी टैगिंग सहित विभिन्न विषयों पर जानकारी ली गई। कलेक्टर श्री तोपनो ने जिले में पशुओं को उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की जानकारी लेते हुए मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा की जा रही तैयारियों एवं उपचार व्यवस्था की समीक्षा की।

महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने के लिए एमडीए कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पेंड्रा

जिले में महिला उद्यमियों को बाजार से जोड़ने, उनके उत्पादों की बिक्री एवं ब्रांडिंग को मजबूत करने तथा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बाजार विस्तार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंगलवार को सामुदायिक प्रबंधित प्रशिक्षण केंद्र में मार्केट डेवलपमेंट असिस्टेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीपीएम सविता यादव एवं एनएसओ रूपा राठौर ने किया। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमिता आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक परिवर्तन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। महिलाओं द्वारा संचालित छोटे एवं मध्यम व्यवसायों को बेहतर बाजार उपलब्ध होने से उनकी आय और रोजगार के अवसरों में वृद्धि हो सकती है। कार्यशाला के दौरान महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों की गुणवत्ता, पैकेजिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान देने के साथ डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर व्यापक बाजार तक पहुंच बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों एवं एसएचजी सदस्यों ने सहभागिता की।

ब्लाक कांग्रेस की बैठक में जनहित की योजनाओं पर की गई चर्चा

लोरमी। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक में ब्लाक अध्यक्ष लल्ला सिंह ठाकुर के नेतृत्व में ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनहित की योजनाओं जैसे पेंशन धारी हितग्राहियों को 6 से 8 माह तक की पेंशन की राशि सरकार द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

पेंशनधारियों ने अधिकारियों के पास जाकर गुहार लगा रहे हैं मगर अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार से संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं। पेंशन धारी बैंकों का चक्कर लगा लगाकर परेशान हो रहे हैं। इसी प्रकार की समस्याओं पर आगामी रणनीतियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई, स्मार्ट मीटर एवं बढ़ती बिजली बिलः क्षेत्र में स्मार्ट मीटर हटाने की प्रक्रिया और अधिक बिजली बिलों के मुद्दे पे हितग्राहियों से फार्म भरवाया जा रहा। वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई। खाद एवं कृषि व्यवस्थाः किसानों के लिए खाद की उपलब्धता और कृषि से जुड़े समसामयिक मुद्दों पर चर्चा हुई। क्षेत्र के किसानों की स्थानीय समस्याओं और उनके त्वरित निराकरण पर मंथन हुआ। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जनपद अध्यक्ष पवन कुमार अग्रवाल, प्रदीप कुमार दुबे, आदित्य दास वैष्णव, मंडल अध्यक्ष नीतेश पाठक बजरंग बंजारा, हेमंत दास मानिकपुरी, हेमिन मंगेशकर, बिंदु यादव, पार्षद शशांक वैष्णव, स्वरूप लाल घृतलहरे, सुनील बंजारा, अभिलाष जायसवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

केंद्रीय गोंड महासभा ने कुंवर शंकर के बलिदान को किया याद

सरगांव। केंद्रीय गोंड महासभा इकाई मुंगेली के तत्वावधान में 20 सितंबर को कुंवर शंकर शाह राजा रघुनाथ शाह का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राम विचार नेताम आदिम जाति कृषि मंत्री, धरमलाल कौशिक विधायक, अंबालिका साहू सभापति जिला पंचायत मुंगेली, दीपिका चंद्र शेखर कौशिक उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पथरिया, डॉ रामकुमार कौशिक अध्यक्ष जनपद पंचायत बिल्हा, परमानंद साहू अध्यक्ष नगर पंचायत सरगांव, पूजा कमल कौशिक उपाध्यक्ष नगर पंचायत सरगांव, मनीष साहू सभापति पथरिया, रिजवान हक सभापति जनपद पंचायत पथरिया, कैलाश सिंह ठाकुर जिला महामंत्री मुंगेली, पूर्णिमा ध्रुव जिला मंत्री मुंगेली, सामाजिक पदाधिकारी वीरेंद्र मरावी, शिव नारायण जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज बिलासपुर, नाथूराम ध्रुव प्रवक्ता केंद्रीय गोंड महासभा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

महिला भरणपोषण, घरेलू हिंसा एवं पैतृक संपत्ति अधिकारों पर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

मुंगेली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में जिले में 60 दिवसीय मेगा ड्राइव के तहत विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड लोरमी के ग्राम जमुनाही में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सतीश कुमार खाखा की उपस्थिति में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में श्री खाखा ने ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि कानून की जानकारी प्रत्येक नागरिक के लिए आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं के भरण-पोषण संबंधी अधिकार, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण के अधिकार, घरेलू हिंसा से संरक्षण, पैतृक संपत्ति में अधिकार एवं बंटवारे से संबंधित प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने ग्रामीणों को बाल विवाह निषेध अधिनियम एवं दहेज प्रताड़ना से संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के अन्याय अथवा उत्पीड़न की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक रहते हुए उचित माध्यम से शिकायत एवं आवेदन करना चाहिए। श्री खाखा ने बताया कि यदि किसी मामले में थाना स्तर पर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज नहीं की जाती है, तो नियमानुसार रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से थाना एवं वरिष्ठ पुलिस अधिकारी को आवेदन प्रेषित किया जा सकता है।

कुष्ठ खोज अभियान की प्रगति का लिया जायजा

केंद्रीय कुष्ठ प्रभाग की टीम ने मुंगेली का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंगेली

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे सघन कुष्ठ खोज अभियान की प्रगति एवं स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लेने के लिए केंद्रीय कुष्ठ प्रभाग की टीम ने जिले का तीन दिवसीय दौरा किया।

टीम ने जिले के तीनों विकासखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों, शहरी क्षेत्रों एवं विद्यालयों का भ्रमण कर अभियान की गतिविधियों का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य अमले को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भारत में 2027 तक कुष्ठ रोग के उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंडों एवं शहरी क्षेत्रों में 15 जून 2026 से सघन कुष्ठ खोज अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला घर-घर पहुंचकर कुष्ठ रोग के संभावित लक्षण वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनकी जांच एवं रोग की पुष्टि कर रहा है। रोग की पुष्टि होने पर मरीजों को उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य कुष्ठ रोग की प्रारंभिक अवस्था में पहचान एवं समय पर उपचार सुनिश्चित कर संक्रमण के प्रसार को नियंत्रित करना तथा कुष्ठ संबंधी विकलांगता से बचाव करना है। केंद्रीय कुष्ठ प्रभाग की टीम में डॉ मुकेश कुमार सोनी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं डॉ जयंत एस, चिकित्सा अधिकारी शामिल रहे। टीम ने जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ सुदेश रात्रे के साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया। टीम ने विकासखंड मुंगेली के शहरी वार्डों तथा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कुष्ठ रोग की जांच, मरीजों के उपचार एवं अभियान की प्रगति की जानकारी ली गई। इसी तरह विकासखंड लोरमी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया गया। टीम ने चिराग दल, कुष्ठ मरीजों एवं मितानिनों से चर्चा कर अभियान के संबंध में जानकारी ली। साथ ही विद्यालय का भ्रमण कर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण की प्रक्रिया का अवलोकन किया।

स्वरांजलि संगीत व कला मंच जीपीएम का गठन राकेश बनाए गए जिलाध्यक्ष, विनय बने सचिव

पेंड्रा। स्वरांजलि संगीत एवं कला मंच जीपीएम की बैठक 19 सितम्बर को पेण्ड्रा में आयोजित कर जिले में गीत, संगीत, कला की प्रतिभा को मंच के माध्यम से उभारकर उन्हें नई ऊंचाइयां देने का निर्णय लिया गया।

बैठक में नई कार्ययोजना बनाने के साथ ही सर्वसम्मति से मंच की नई कार्यकारिणी गठित की गई, जिसमें मंच का जिलाध्यक्ष राकेश चतुर्वेदी को मनोनीत किया गया। वहीं उपाध्यक्ष मदन सोनी, प्रशांत कुशवाहा, पूजा केशरवानी को बनाया गया। सचिव विनय सूर्यवानी, सह सचिव संजय विश्वकर्मा (राजू), प्रतीक गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी आदित्य पाण्डेय को बनाया गया। कार्यकारिणी सदस्य डॉ देवेंद्र पैकरा, डॉ नीरज जैन, राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, अंबिका शर्मा, अखिलेश नामदेव, विकास जायसवाल, शरद अग्रवाल, शरद गुप्ता, प्रमोद शर्मा, सत्यनारायण जायसवाल, नितेश जैन, प्रशांत गुप्ता, अमित शर्मा, आशुतोष तिवारी, अजीत दुबे, सुरेश केशरवानी, दीपक तिवारी, कुंज बिहारी तिवारी, समीर खान को बनाया गया।

विशेष आमंत्रित सदस्य कंचन सिंग, पूजा पवार, मीनाक्षी केशरवानी, मीना शर्मा, शिवानी सूर्यवानी को मनोनीत किया गया है। उपरोक्त सभी पदाधिकारियों को नया दायित्व सौंपकर स्वरांजलि - संगीत एवं कला मंच जीपीएम को सफल संगीत संस्था के रूप में स्थापित कर गीत संगीत के साथ ही अन्य सामाजिक गतिविधियों में सहयोगी बनने की अपेक्षा की गई है।